दैनिक रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 3 ■ अंक 77 ■ जबलपुर, शनिवार 14 मार्च 2026 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये ■ RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965


### सुविचार

वृक्ष अपने सिर पर गरमी सहता है पर अपनी छाया में दूसरों का ताप दूर करता है।

" तुलसीदास "

# एलपीजी संकट : पंजाब में सिलेंडर लेकर भागते दिखे लोग

## 2 हजार का कॉमर्शियल सिलेंडर 4 हजार में बिक रहा; कांग्रेस का दिल्ली में चूल्हे लेकर प्रदर्शन

नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल की ईरान से जंग की वजह से देशभर में छढत्रृकी किल्लत हो गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लम्बी लाइनें हैं। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी और जमाखोरी भी हो रही है। कई जगहों पर ?2 हजार का कॉमर्शियल सिलेंडर ?4 हजार में बिक रहा है। वहीं पंजाब में लोग सिलेंडर लेकर भागते नजर आए। केरल में करीब 40% रेस्टोरेंट बंद होने की कगार पर है। उधर, दिल्ली में कांग्रेस कार्यकताओं ने छढत्रृसप्लाई की बिगड़ी स्थिति को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। विरोध जताने के लिए अपने साथ मिट्टी के चूल्हे लेकर आए थे।

**राजस्थान: गैस सप्लाई ठप, सिलेंडर की शवयात्रा निकाली** : होटल-रेस्टोरेंट में गैस का स्टॉक खत्म होने से बिजनेस ठप होने लगे हैं। कई जगह ताले भी लटकने लगे हैं। वहीं कोटा समेत कई शहरों में हॉस्टल मेस और ढाबों में मजबूरी में लकड़ी, कोयले और इलेक्ट्रिक चूल्हों पर खाना बनाया जा रहा है। कई शहरों में एजेंसियों पर सुबह 5 बजे से ही लंबी लाइनें लग रही हैं और सिलेंडर न मिलने पर लोगों की पुलिस से झड़प तक हो रही है। इस संकट के बीच सिलेंडर की कालाबाजारी भी हो रही है, जिसके विरोध में कांग्रेस ने जयपुर में सिलेंडर की शवयात्रा निकाली।

**उत्तर प्रदेश: चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियां तक बंद** : यूपी में फैक्ट्रियों को गैस सप्लाई नहीं हो रही है। इसका असर पॉटरी, चूड़ी से लेकर पेठा फैक्ट्रियों तक पड़ रहा। बुलंदशहर में एशिया के सबसे बड़े पॉटरी उद्योग पर पड़ा है। यहां 300-325 यूनिट में से 95% पॉटरी यूनिट बंद हैं। 30 हजार से ज्यादा वर्कर्स बेरोजगार हो गए हैं। यही हाल फिरोजाबाद में बनने वाली चूड़ियों और आगरा की पेठा फैक्ट्रियों का है। गैस की सप्लाई नहीं मिलने से भट्ठियां बंद हैं। 55 बड़ी फैक्ट्रियों में से 40 बंद हो चुकी हैं। अगर गैस की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो आगरा में बनने वाली चांदी की पायल पर भी संकट आ सकता है।






**मध्य प्रदेश: एलपीजी की ऑनलाइन बुकिंग ठप...वेटिंग 7-8 दिन बढ़ी** : मध्य प्रदेश में एलपीजी सिलेंडर की ऑनलाइन बुकिंग लगभग ठप है। सर्वर डाउन होने से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में लोग सिलेंडर की बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं। वेटिंग 7 से 8 दिन तक पहुंच गई है। गैस एजेंसियों में लोगों की भीड़ लगी हुई है। इधर गैस की किल्लत के बीच इंडक्शन की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। भोपाल में इसकी बिक्री 7 गुना तक बढ़ गई है। वहीं 50 हजार होटल-रेस्टॉरेंट में गैस खत्म होने के कगार पर है। होटल, रेस्टॉरेंट को 4 दिन से कॉमर्शियल सिलेंडर नहीं मिले हैं। भोपाल होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली के मुताबिक, भोपाल के करीब 2 हजार होटल-रेस्टोरेंट को 4 दिन में एक भी सिलेंडर नहीं मिला।

**बिहार: एजेंसी के बाहर लंबी लाइन; कोयला-लकड़ी के रेट बढ़े** : बिहार में 4 दिन से कॉमर्शियल सिलेंडर की बुकिंग बंद है। सप्लाई नहीं होने की वजह से होटल, रेस्टॉरेंट पर काफी असर पड़ रहा है। पटना के बाजारों में लकड़ी और कोयले के भाव भी बढ़ गए हैं। जो लकड़ी एक दिन में 10 किलो ही बिकती थी, अब तीन क्विंटल प्रतिदिन खरीदे जा रहे हैं। दरभंगा में सुबह 6 बजे से ही गैस एजेंसी के बाहर 500 मीटर लंबी लाइन लग गई। अररिया में लोग सिलेंडर के लिए कतार में खड़े हैं। मोतिहारी में सिलेंडर के लिए दो लोग आपस में भिड़ गए। ये लड़ाई लाइन में पहले लगने के लिए हुई।

**पंजाब: लाइन में लगे बुजुर्ग की हार्ट अटैक से मौत, लुधियाना में सिलेंडर लूटा** : बरनाला के गांव शैहना में सिलेंडर के लिए 2 घंटे से लाइन में लगे 66 साल के बुजुर्ग भूषण कुमार मित्तल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं अमृतसर में सिलेंडर को लेकर एजेंसी मैनेजर और ग्राहकों के बीच झड़प हुई। वहीं लुधियाना में एक्टिवा सवार बदमाशों द्वारा युवक से सिलेंडर छीनने जैसी वारदातें सामने आई हैं।

## एलपीजी संकट पर लोकसभा में विपक्ष ने नारेबाजी की

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई।




इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। राज्यसभा में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि विदेशों में हो रहे घटनाक्रम के कारण हमारे देश में कुछ मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। सरकार जरूरी फंड मुहैया कराने और पूरी तरह तैयार रहने के लिए कदम उठा रही है। ऐसे समय में विपक्ष को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा होना चाहिए, लेकिन वह गैर-जिम्मेदाराना हरकत कर रहा है। सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों ने संसद परिसर में छढत्रृसंकट के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर, सूत्रों ने बताया कि टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।

## कोकराझार में 4,570 करोड़ की परियोजनाओं का वर्चुअली उद्घाटन

### गुवाहाटी में पीएम बोले- दशकों तक बोडोलैंड का एक क्षेत्र विश्वासघात का साक्षी रहा है

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार से दो दिन के असम दौरे पर हैं। दोपहर करीब 1.30 बजे वे गुवाहाटी पहुंचे। पीएम गुवाहाटी के अलावा आज कोकराझार और सिलचर का दौरा करने वाले थे, लेकिन खराब मौसम के चलते उन्होंने कोकराझार में प्रोजेक्ट्स का वर्चुअली उद्घाटन किया। पीएम ने लोगों को वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने कहा- दशकों तक बोडोलैंड का एक क्षेत्र विश्वासघात का साक्षी रहा है। बोडोलैंड के अनेक वीडियो को कांग्रेस ने झूठे सपनों में उलझाए रखा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दिखाने के लिए कागजी समझौते किए। आपने कांग्रेस को खदेड़ा और एनडीए को मौका दिया तो हमने समझदारी से फैसले लिए। इसके बाद पीएम गुवाहाटी से सिलचर जाएंगे। पीएम यहां से नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरूआत भी करेंगे। जारी शेड्यूल के मुताबिक पीएम शाम 5 बजे गुवाहाटी में करीब 19,680 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10:45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपए के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।

## असम विधानसभा चुनाव के लिए राहुल गांधी ने संभाला मोर्चा, कांग्रेस की बैठक में बनी खास रणनीति

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ गुरुवार को आगामी असम विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक की अध्यक्षता की। एक अलग घटनाक्रम में, सोमवार को आगामी विधानसभा चुनावों से पहले असम में कांग्रेस को एक बड़ा प्रोत्साहन मिला, जब असम गण परिषद (एजीपी) के पूर्व राष्ट्रीय वित्त सचिव जयंत खाउंद कुछ अन्य नेताओं के साथ पार्टी में शामिल हो गए। खाउंद को पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में औपचारिक रूप से कांग्रेस में शामिल किया गया। इनमें असम प्रभारी और एआईसीसी



महासचिव जितेंद्र सिंह अलवर, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और असम के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ पर्यवेक्षक डी के शिवकुमार, असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गौरव गोगोई और राष्ट्रीय सचिव मनोज चौहान शामिल थे। खाउंद ??का पार्टी में स्वागत करते हुए गोगोई ने कहा कि उनके जैसे जमीनी नेता का पार्टी में शामिल होना मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व के खिलाफ असम में बढ़ती जन असंतोष को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि असम में राजनीतिक परिवर्तन की लहर उठ रही है। उन्होंने कहा कि असम गण परिषद के जयंता खाउंद ने कुछ दिन पहले हमसे संपर्क किया था और कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी... आज हम उन्हें और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करने जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आज असम में मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के मनमाने ढंग से काम करने, अयोग्य लोगों को राजनीति में बढ़ावा देने और वर्षों से सक्रिय राजनीति में कड़ी मेहनत करने वालों को दरकिनार करने के खिलाफ एक लहर उठ रही है।

### मोइत्रा केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा एक्शन

## लोकपाल की सीबीआई जांच वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लोकपाल को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ सीबीआई को आरोपपत्र दाखिल करने की मंजूरी देने की अनुमति दी गई थी। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ लोकपाल की याचिका पर मोइत्रा, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और भाजपा सांसद तथा शिकायतकर्ता निशिकांत दुबे को नोटिस जारी किया। 19 दिसंबर 2025 को, उच्च न्यायालय ने लोकपाल के उस आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें सीबीआई को कथित पूछताछ के बदले नकद घोटाले में मोइत्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल करने की अनुमति दी गई थी।




## इराक में यूएस एयरफोर्स का केसी-135 विमान क्रैश, चार अमेरिकी सैनिकों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिकी वायु सेना के बोइंग केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान के पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत हो गई है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने शुक्रवार दोपहर को पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। शेष दो चालक दल के सदस्यों को बचाने के प्रयास जारी हैं। ईरान के साथ संघर्ष से संबंधित अमेरिकी और इजरायली अभियानों का समन्वय करने वाली सैन्य कमान, उएठळउडट ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की अभी भी जांच चल रही है। हालांकि, उसने शत्रुतापूर्ण गोलीबारी और मित्रवत गोलीबारी, दोनों को ही संभावित कारणों से खारिज कर दिया है। उएठळ-उडट ने आगे कहा कि मारे गए चारों कर्मियों की पहचान 24 घंटे तक गुप्त रखी जाएगी, जब तक उनके परिवारों को सूचित नहीं कर दिया जाता।

### पाक ने उड़ाए अफगानिस्तान के कई शहर

काबुल। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सैन्य तनाव एक बार फिर हिंसक मोड़ ले चुका है। अफगान सरकार के प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने शुक्रवार तडके जानकारी दी कि पाकिस्तानी वायुसेना ने अफगानिस्तान के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर हवाई हमले किए हैं। इन हमलों में नागरिक ठिकानों और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। पाकिस्तानी बलों ने अफगानिस्तान के कई प्रमुख प्रांतों और शहरों को निशाना बनाया, जिनमें राजधानी काबुल, कंधार और पक्तिया शामिल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर दावा किया कि कुछ स्थानों पर पाकिस्तानी बमवर्षकों ने सीधे तौर पर रिहायशी घरों को निशाना बनाया। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों के मारे जाने की भी सूचना है। हालांकि, कुछ हमले खाली रेगिस्तानी और निर्जन क्षेत्रों में भी हुए हैं। इस सैन्य कार्रवाई में एक बड़ा आर्थिक नुकसान कंधार में हुआ है।

## पीरियड्स में पेड लीव की याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को देशभर में महिला छात्रों और कामकाजी महिलाओं को पीरियड्स में पेड लीव देने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि ऐसी याचिकाएं अनजाने में महिलाओं के बारे में बनी रूढ़ियों को और मजबूत कर सकती हैं। यह कानून बनाया तो महिलाओं को कोई काम नहीं देगा, उनका करियर खत्म हो जाएगा। सीजेआई ने कहा- ये याचिकाएं डर पैदा करने के लिए, महिलाओं को हीन दिखाने के लिए, यह जताने के लिए दायर की जाती हैं कि पीरियड्स उनके साथ होने वाली कोई बुरी चीज है। यह उनका पॉजिटिव राइट है, लेकिन उस नियोक्ता के बारे में सोचिए, जिसे पेड लीव देनी होगी।

## कम चरण, ज्यादा फोर्स के साथ होंगे 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव,

### अगले हफ्ते हो सकता है तारीखों का ऐलान



नई दिल्ली। चुनाव आयोग 15 मार्च के बाद कभी भी चार राज्य और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव की घोषणा कर सकता है। 15 मार्च पश्चिम बंगाल की अंतिम मतदाता सूची के खिलाफ अपील दाखिल करने की अंतिम तिथि भी है, जिसे 28 फरवरी को प्रकाशित किया गया था और जिसमें कुल 6.4 करोड़ मतदाता हैं। अन्य चुनाव वाले राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों - असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी - में अंतिम मतदाता सूची के खिलाफ अपील दाखिल करने की समय सीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है।सूत्रों ने संकेत दिया है कि आगामी विधानसभा चुनाव में 2021 के कार्यक्रम की तुलना में कम चरण होंगे, जिसमें पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में, असम में तीन चरणों में और तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक ही चरण में मतदान होना था। कम समय में सीमित चरणों में चुनाव कराने के लिए, केंद्रीय बलों की तैनाती में काफी वृद्धि की जाएगी, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में। सूत्रों के मुताबिक, तैनात की जाने वाली सीएपीएफ की कुल संख्या जम्मू-कश्मीर में 2024 के विधानसभा चुनावों के लिए तैनात की गई 1,500 कंपनियों (लगभग 1.4 लाख कर्मियों सहित) से अधिक हो सकती है। पश्चिम बंगाल में लगभग 45,000 कर्मियों वाली लगभग 500 सीएपीएफ कंपनियां पहले से ही अग्रिम तैनाती पर हैं। पश्चिम बंगाल और असम में बहु-चरणीय चुनाव होने की संभावना है, जबकि तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में एक ही चरण में मतदान हो सकता है। पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल 7 मई को समाप्त हो रहा है, इसलिए मतदान अप्रैल और मई के शुरूआती दिनों तक चलने की संभावना है। कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारियों द्वारा पश्चिम बंगाल में लगभग 60 लाख 'संदिग्ध' मामलों के निपटारे की प्रक्रिया जारी रहेगी, जिसमें न्यायाधिकरणों के समक्ष आगे अपील करने का अवसर होगा।




## भारत-ईरान के बीच अहम कूटनीतिक बातचीत

### एस जयशंकर ने ब्रिक्स समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से बातचीत की और द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि कल रात ईरान के विदेश मंत्री अराघची से एक और बातचीत हुई। द्विपक्षीय मामलों के साथ-साथ ब्रिक्स से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई। दूसरी ओर, ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा कि उन्होंने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा करने के लिए जयशंकर से टेलीफोन पर बातचीत की। इस बातचीत के दौरान, अराघची ने अपने भारतीय समकक्ष को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ किए गए हमलों के बाद की



ताजा स्थिति और क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा पर उनके प्रभाव के बारे में जानकारी दी, साथ ही आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग करने के ईरान के दृढ़ संकल्प पर जोर दिया।

इससे पहले, मंगलवार को एस जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से बात की - पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद से यह उनकी तीसरी बातचीत थी - क्योंकि नई दिल्ली होर्मुज जलडमरूमध्य की लगभग नाकाबंदी के बीच अपनी ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा के प्रयासों को तेज कर रही है।

**जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल से बात की** : जयशंकर ने जर्मन विदेश मंत्री जोहान वाडेफुल और दक्षिण कोरियाई विदेश मंत्री चो ह्यून से भी बात की और पश्चिम एशिया में चल रहे संकट पर अपने विचार साझा किए। ईरानी विदेश मंत्री से बातचीत के बाद जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि आज शाम ईरान के विदेश मंत्री अराघची से चल रहे संघर्ष से संबंधित नवीनतम घटनाक्रमों पर विस्तृत बातचीत हुई। हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए। अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य हमले में मोजतबा अली खामेनेई के पिता की हत्या के कुछ दिनों बाद ईरान द्वारा मोजतबा खामेनेई को देश का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किए जाने के बाद दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह पहली फोन पर बातचीत थी। यह तुरंत ज्ञात नहीं है कि 4 मार्च को श्रीलंका के पास अमेरिका द्वारा एक ईरानी युद्धपोत को डुबोए जाने की घटना का जयशंकर और अराघची की बातचीत में जिक्र हुआ या नहीं।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 9589490996 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के नाम पर वसूली का आरोप

# घुघरी जनपद की पंचायतों में भ्रष्टाचार का जाल! परसवाह का सचिव वीरू सिंह धुर्वे निलंबित

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला। जनपद पंचायत घुघरी की ग्राम पंचायतों में लंबे समय से चल रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच आखिरकार एक कार्रवाई सामने आई है। ग्राम पंचायत परसवाह के सचिव वीरू सिंह धुर्वे को पदीय दायित्वों के दुरुपयोग, अनियमितताओं और नोटिस का संतोषजनक जवाब न देने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत घुघरी द्वारा पत्र क्रमांक ज0पं0/2026/1775 जारी कर सचिव वीरू सिंह धुर्वे को निलंबित किया गया। यह कार्रवाई ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों और पंचायत कार्यों में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने के बाद की गई।**


कार्यालय जिला पंचायत(पंचायत प्रकोष्ठ) मण्डला




## जांच में खुली कई अनियमितताएं

ग्राम पंचायत परसवाह के सरपंच-सचिव के खिलाफ ग्रामीणों की शिकायतों पर जनपद स्तरीय त्रि-स्तरीय जांच दल गठित किया गया था। जांच में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच प्रतिवेदन के बिंदु क्रमांक 2, 4 और 6 में सचिव द्वारा पंचायत कार्यों में लापरवाही और वित्तीय नियमों की अनदेखी स्पष्ट रूप से सामने आई। जांच में यह भी पाया गया कि सितंबर 2023 से सितंबर 2025 तक विभिन्न देयकों के भुगतान में भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं किया गया, जिससे सरकारी धन के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सबसे गंभीर आरोप यह सामने आया कि जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर ग्रामीणों से 3000 से 4000 रुपये तक की वसूली की जाती थी, जिसे स्वयं सचिव द्वारा स्वीकार किया जाना बताया गया है। इसके अलावा पंचायत में स्थायी समितियों और ग्राम सभा की बैठकों का नियमित आयोजन नहीं किया गया, जो पंचायत राज व्यवस्था के मूल प्रावधानों के खिलाफ है।

## नोटिस का जवाब भी नहीं बचा सका पद

इन अनियमितताओं के संबंध में जिला पंचायत द्वारा 20 फरवरी 2026 को नोटिस जारी कर सचिव से 24 फरवरी तक स्पष्टीकरण मांगा गया था। सचिव द्वारा लिखित जवाब प्रस्तुत किया गया, लेकिन जांच के दौरान वह संतोषजनक नहीं पाया गया। जिला पंचायत के आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि सचिव द्वारा लापरवाही, स्वेच्छाचारिता और शासन के आदेशों की अवहेलना की गई है, जो मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 का उल्लंघन है। इसी आधार पर उन्हें मध्यप्रदेश पंचायत सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियम 1999 के तहत प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए निलंबित किया गया है।

## कार्रवाई पर भी उठ रहे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि पंचायतों में इतने लंबे समय से अनियमितताएं चल रही थीं तो जनपद और जिला स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों की निगरानी व्यवस्था आखिर कहां थी? ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकताओं की मांग है कि घुघरी जनपद की सभी ग्राम पंचायतों के वित्तीय लेन-देन और कार्यों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, ताकि सरकारी योजनाओं में हो रही कथित लूट पर अंकुश लग सके और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

## घुघरी की पंचायतों में लगातार उठ रहे भ्रष्टाचार के सवाल

गौरतलब है कि जनपद पंचायत घुघरी की कई ग्राम पंचायतों में सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी फर्मों और एजेंसियों के माध्यम से बिल लगाकर सरकारी धन की बंदरबांट किए जाने के आरोप लगातार सामने आते रहे हैं। इतना ही नहीं, इन कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका तक दायर की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक न तो व्यापक स्तर पर जांच कराई गई और न ही कई मामलों में जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर ठोस कार्रवाई होती दिखाई दे रही है।

# संतुलन बिगड़ने से डिवाइडर से टकराई एंबुलेंस



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के लालीपुर इलाके में गुरुवार शाम एक 108 एंबुलेंस डिवाइडर पर लगे खंभे से टकरा गई। हादसे में एंबुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, दुर्घटना के समय एंबुलेंस में कोई मरीज मौजूद नहीं था और किसी को चोट नहीं आई। जानकारी के अनुसार, एंबुलेंस किसी काम से जा रही थी, तभी लालीपुर क्षेत्र में अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया। इसके परिणामस्वरूप, वाहन डिवाइडर पर लगे खंभे से जा टकराया। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मदद के लिए मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, इस दुर्घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। हालांकि, एंबुलेंस को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस फिलहाल हादसे के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

# मंडला में दर्दनाक सड़क हादसाः डंपर ने ढाई वर्षीय मासूम को कुचला, क्षेत्र में हड़कंप



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक तेज रफ्तार डंपर ने ढाई वर्षीय मासूम बच्ची को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी और शोक का माहौल बन गया। इस मंजर को देखकर राहगीरों की रूह कांप गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि बच्ची के जूते तक छिटककर पास के छोटे स्कूल की दीवार पर जा लगे। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बच्ची के शव को सड़क से समेटकर पॉलीथिन में रखा, जिससे वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। बताया जा रहा है कि मासूम बच्ची अपनी मां के साथ आंगनवाड़ी से घर लौट रही थी, तभी रास्ते में तेज रफ्तार डंपर ने उसे कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालते हुए जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस डंपर चालक की तलाश में जुटी हुई है और मामले की विवेचना जारी है। इस दर्दनाक घटना के बाद स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश और शोक व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तेज रफ्तार भारी वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण लगाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी व कालाबाजारी रोकने के लिए कंट्रोल रूम स्थापित



**दैनिक रेवाँचल टाईम्स - मंडला,** खाद्य शाखा मण्डला द्वारा एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी, कालाबाजारी तथा दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से जिले के सभी अनुविभागों में कंट्रोल रूम स्थापित करने के आदेश जारी किए गए हैं। यह आदेश खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय भोपाल के निदेशों के परिप्रेक्ष्य में जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार मण्डला जिले के मण्डला, घुघरी, बिछिया, नैनपुर और निवास अनुविभागों में संबंधित अधिकारियों एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाई गई है। ये अधिकारी एलपीजी सिलेंडर से संबंधित प्राप्त होने वाली शिकायतों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करेंगे तथा आवश्यक कार्रवाई करेंगे। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि आम नागरिकों को यदि गैस सिलेंडर की आपूर्ति, वितरण या किसी भी प्रकार की अनियमितता संबंधी शिकायत हो, तो वे संबंधित अनुविभाग के कंट्रोल रूम मण्डला 9589580114, घुघरी 9584880791, बिछिया 6261935750, नैनपुर 9589386069 और निवास 9584880791 में संपर्क कर सकते हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित समाधान कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करें। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एलपीजी सिलेंडर की जमाखोरी और कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना तथा वितरण प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखना है।

# मंडला में 15 मार्च को राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल का दौरा

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल का 15 मार्च को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल प्रातः 10 बजे जिला अनूपपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा दोपहर 2:30 बजे सर्किटहाउस मंडला पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4:30 बजे हिरदेनगर के लिए रवाना होंगे तथा शाम 5 बजे हिरदेनगर में श्रीमद भागवत कथा में सम्मिलित होंगे। वे शाम 5:30 बजे हिरदेनगर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसान और सरकार मना रही योजनाओं का उत्सव




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले की नैनपुर तहसील में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने से अब भी कई पात्र किसान वंचित हैं, लेकिन इसके बावजूद सरकार योजनाओं की सफलता के उत्सव मनाने में व्यस्त दिखाई दे रही है। जमीनी हकीकत यह है कि अनेक किसानों के खाते आज भी खाली हैं और वे महीनों से कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। वही स्थानीय किसानों का आरोप है कि राजस्व विभाग की लापरवाही और उदासीनता के कारण उनके नाम सूची में दर्ज नहीं हो पाए या फिर तकनीकी त्रुटियों के नाम पर उनकी पात्रता अटका दी गई। कई किसानों ने समय पर आवेदन और दस्तावेज जमा किए, लेकिन न तो उनकी स्थिति स्पष्ट की गई और न ही समस्या का समाधान हुआ। सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि जब शासन द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आर्थिक संबल देने के लिए यह महत्वाकांक्षी योजना चलाई जा रही है, तो फिर पात्र किसानों तक इसका लाभ पहुंचाने में इतनी लापरवाही क्यों बरती जा रही है? क्या राजस्व अमले की ढिलाई को छिपाने के लिए योजनाओं के नाम पर केवल कागजी उपलब्धियों का उत्सव मनाया जा रहा है? ग्रामीणों का कहना है कि नैनपुर तहसील के कई गांवों में ऐसे किसान हैं जिनकी जमीन और दस्तावेज पूरी तरह सही होने के बावजूद उन्हें अब तक किसान सम्मान निधि की एक भी किस्त नहीं मिली। किसानों ने कई बार पटवारी और राजस्व कार्यालय में शिकायत भी की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। यह स्थिति न केवल किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर रही है। यदि समय रहते इन मामलों की गंभीरता से जांच नहीं की गई तो सरकार की मंशा और योजनाओं की पारदर्शिता पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है। किसानों की मांग है कि नैनपुर तहसील में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों की सूची की तत्काल जांच कराई जाए और राजस्व विभाग की लापरवाही सामने आने पर जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि पात्र किसानों को उनका अधिकार मिल सके।

# तीन महीने से बंद पड़ा हेडपंप, पेयजल संकट से जूझ रहे बड़झर के ग्रामीण, जिम्मेदार विभाग बेखबर



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मंडला जिले के मोहगांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़झर के वार्ड क्रमांक 2 में पिछले तीन महीनों से बंद पड़े एकमात्र हेडपंप ने ग्रामीणों की जिंदगी मुश्किल कर दी है। गर्मी की शुरूआत होते ही पेयजल संकट गहराने लगा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक केवल आश्वासन देने तक ही सीमित दिखाई दे रहा है। शिकायतों के बावजूद हेडपंप की मरम्मत न होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 में सुम्मत सिंह परते के घर के पास वर्षों पहले लगाया गया हेडपंप पिछले तीन महीनों से खराब पड़ा है। यही हेडपंप आसपास के करीब पचास परिवारों के लिए पीने के पानी का एकमात्र सहारा था। हेडपंप बंद होने के बाद पूरे मोहल्ले के लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि ग्रामीणों को लगभग एक किलोमीटर दूर नर्मदा नदी से सिर पर पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के जिला कार्यालय मंडला में आवेदन भी दिया गया था। विभाग की ओर से ग्रामीणों को भरोसा दिलाया गया था कि होली और रंग पंचमी के बाद हेडपंप की मरम्मत कर उसे चालू कर दिया जाएगा, लेकिन त्योहार बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की तो पीएचई विभाग द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर अब फोन तक रिसीव नहीं किया जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी और निराशा दोनों बढ़ती जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ पानी की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है, लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। वार्ड क्रमांक 2 की पंच अंजुलता परते ने बताया कि हेडपंप बंद होने से पूरे वार्ड के लोग परेशान हैं। महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे बच्चे रोजाना लंबी दूरी तय कर नदी से पानी लाने को मजबूर हैं। कई बार पानी लाने में घंटों लग जाते हैं, जिससे दैनिक जीवन और घरेलू कामकाज भी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द हेडपंप की मरम्मत कराने की मांग की है। समाजसेवी पी.डी. खैरवार ने भी इसे गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि यदि जल्द ही हेडपंप को ठीक नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों की परेशानी और बढ़ जाएगी। उन्होंने प्रशासन और संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीण बसंती मरावी, प्रियंका परते, समरती परते, सुकरती परते, बसंती धुर्वे, मीरा बाई परते, कमलिया परते, मोहन परते, सम्मत लाल परते, परशुराम मरावी, कलीराम धुर्वे, बुधराम परते और गोविंद परते सहित कई ग्रामीणों ने प्रशासन से इस गंभीर जल संकट को जल्द दूर करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे मजबूर होकर आंदोलन का रास्ता अपनाने पर भी विचार करेंगे। फिलहाल गांव के लोग उम्मीद लगाए बैठे हैं कि संबंधित विभाग जल्द ही इस समस्या पर ध्यान देगा और बंद पड़े हेडपंप को सुधारकर चालू कराएगा, ताकि उन्हें पेयजल संकट से राहत मिल सके।

# ग्राम पंचायत टिकरिया में प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, मंडला।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर संस्था धेनु बाड़ी गौशाला संरक्षण समिति अचली कुशल नेतृत्व में मंडला सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पशु चिकित्सा अधिकारी सुश्री अंजु ने पशु विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। वही ग्राम पंचायत सरपंच धर्मेन्द्र कुर्रराम ने कहा कि जन अभियान परिषद को शासन और समाज के बीच सेतु की भूमिका निभाते हुए शासन समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के द्वारा किया जाता है। विकासखण्ड समन्वयक संतोष कुमार झारिया ने प्रस्फुटन समितियों आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी डॉ. प्रिया धुर्वे, धेनु बाड़ी गौशाला संरक्षण समिति की सुश्री किरण ठाकुर सहित संबंधित मौजूद रहे।

# एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को गति देने के लिए स्कूल प्रमुखों की बैठक आयोजित



**दैनिक रेवाँचल टाईम्स - मंडला** में शासन के महत्वपूर्ण टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी का मुफ्त टीका लगाया जा रहा है। इसी कड़ी में रानी अवंती बाई शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों तथा मिडिल स्कूलों के हेड मास्टर्स की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम ने इस बैठक में सभी प्रधानाध्यापक और प्राचार्य को सरकार की मंशानुरूप एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को गति देने में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मंडला विकासखंड क्षेत्र की चिंहित किशोरियों को टीकाकरण केंद्र तक पहुँचने के लिए प्रेरित करने का काम स्कूल के शिक्षकों का है। पालक और बच्चे शिक्षकों की बात आसानी से समझते हैं, इसलिए आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से आये चिकित्सक ने भी सुरक्षित टीकाकरण की विस्तार से जानकारी दी। यातायात पुलिस की ओर से बैठक में आये उप निरीक्षक योगेश राजपूत ने सभी स्कूल प्रमुखों को हेलमेट के उपयोग की महत्ता के बारे में बताया। बैठक में सहायक संचालक जनजातीय कार्य एमएस मसराम, रंजीत गुप्ता एवं बीआरसी अनादि वर्मा के साथ स्कूलों के प्राचार्य व प्रधान अध्यापक मौजूद रहे।



# महिला से अभद्रता का आरोप, क्वार्टर विवाद में घर में घुसकर गाली-गलौज व तोड़फोड़ की कोशिश, नहीं हुई कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के बिजुरी क्षेत्र में एक महिला कर्मचारी के परिवार के साथ कथित तौर पर अभद्रता और दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि क्वार्टर विवाद को लेकर कुछ लोगों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया। इस मामले में पुलिस और अधिकारियों से शिकायत के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है। दरअसल हाल ही में कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड की सभी महिला कर्मचारियों के नाम एक पत्र जारी कर उन्हें सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर देने की प्रतिबद्धता दोहराई थी। पत्र में कहा गया है कि कोल इंडिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है और संगठन हर महिला को गरिमा, सुरक्षा और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। जानकारी के अनुसार कोरजा कॉलरी के कर्मचारी अरुण कुमार सिंह को कंपनी द्वारा क्वार्टर क्रमांक ट-111 आवंटित किया गया था। इससे पहले यह क्वार्टर फ्हर बिजुरी की महिला कर्मचारी ननकी बाई के नाम अभिरक्षा में था। कंपनी द्वारा आवंटन निरस्त कर नया आवंटन किए जाने के बाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। पीड़ित

**बिजुरी में महिला ने लगाया उत्पीड़न का आरोप**







पक्ष के अनुसार क्वार्टर को लेकर पहले 10 हजार रुपये की मांग की गई और बाद में यह मांग 4 हजार रुपये तक पहुंच गई। बताया गया कि इस संबंध में नगर पालिका की एक पार्षद के माध्यम से भी संपर्क कर राशि देने का दबाव बनाया गया, लेकिन अरुण कुमार सिंह की पत्नी प्रेरणा सिंह ने पैसे देने से इनकार कर दिया। आरोप है कि 20 फरवरी 2026 को ननकी बाई अपने कथित मुंहबोले बेटे सूरज, दामाद और बहू के साथ क्वार्टर में पहुंच गईं और घर के अंदर घुसकर प्रेरणा सिंह के साथ गाली-गलौज करने लगीं। इस दौरान आंगन के पीछे बने दरवाजे को तोड़कर निकलने का प्रयास भी किया गया। घटना के दौरान डरी-सहमी प्रेरणा सिंह ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया। पीड़िता के अनुसार उन्होंने इस मामले की जानकारी कंपनी के कार्मिक विभाग के एचआर अधिकारी बालाजी को दी। इसके बाद सुरक्षा गार्ड को निर्देशित किया गया, लेकिन मौके पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रेरणा सिंह ने उपक्षेत्रीय प्रबंधक एस.के. मित्रा को लिखित शिकायत भी सौंपी। साथ ही 21 फरवरी 2026 को बिजुरी थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई, लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि अब तक पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

## एबीवीपी द्वारा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर किया गया प्रदर्शन व सौपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना काल से ही छात्रहित राष्ट्रहित व समाज हित में कार्य करते आया है, उसी क्रम में आज विद्यार्थी परिषद अनूपपुर नगर इकाई द्वारा हूं द्वारा पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में निरंतर चल रही समस्याओं को लेकर दो घंटे तक प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं का कहना है पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्राचार्य का उदासीन रवैया बिल्कुल स्वीकार नहीं किया जाएगा, महाविद्यालय में लगातार समस्याएं जैसे शिक्षकों का धूम्रपान करके महाविद्यालय में आना ,छात्राओं बहनों के लिए सैनेट्री वेडिंग मशीन व फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था ना होना, छात्रों को खेलने की सामग्री उपलब्ध ना करना ,छात्र छात्राओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार की सिक्योरिटी व्यवस्था ना करना ,महाविद्यालय के मुख्य द्वार में सीसीटीवी कैमरे का ना होना, छात्रों के आईडी कार्ड का ना होना, जिससे असामाजिक तत्वों द्वारा अभद्रता व छात्रों से मारपीट के विषय आते रहते हैं इन पर कार्यवाही ना करना, लाइब्रेरी का पूर्ण रूप से संचालन ना होना ,प्रेक्टिकल लैबों में जंग लगे उपकरण पुराने रखे हुए हैं नए उपकरणों का प्रयोग ना करना ,जल एवं शौचालय व्यवस्था ठीक ना होना, छात्रों के व्यक्तित्व विकास के लिए किसी भी प्रकार के संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित ना होना आदि कुछ प्रमुख मांगो को लेकर आज विद्यार्थी परिषद ने लगातार प्रदर्शन करते हुए प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं का कहना है कि यदि जल्द ही समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसका जिम्मेदार महाविद्यालय प्रशासन होगा।

# अभाविप ने जिले में विश्विद्यालय एवं महाविद्यालयों में व्याप्त समस्याओं को लेकर उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

## उपमुख्यमंत्री ने कार्यवाही को लेकर दिया आश्वासन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शहडोल के कार्यकताओं द्वारा शहडोल जिले में हो रही व्याप्त अनियमिताओं को लेकर उपमुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए जिला संयोजक अमन त्रिपाठी ने बताया कि छात्र हितों को देखते हुए निम्नलिखित मांगे शहडोल जिले की है जिनमें से पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय की स्थापना के बाद शहडोल जिला मुख्यालय में कोई भी को-एड (सह-शिक्षा) शासकीय महाविद्यालय स्थापित नहीं हुआ है, जबकि इसकी पर्वू में घोषणा की जा चुकी है। अतः उक्त घोषणा को शीघ्र क्रियान्वित किया जाए। वर्तमान में अतिरिक्त संचालक (AD) का कार्यालय रीवा में संचालित हो रहा है, जो कि शहडोल से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके कारण शहडोल संभाग के कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को आवश्यक कार्यों के लिए रीवा तक जाने में अत्यधिक समय, धन और असविुधा का सामना करना पड़ता है। दूरस्थ होनेवके कारण कई बार आवश्यक कार्य समय पर नहीं हो पाता है, जिससे प्रशासनिक कार्यों में भी बाधा उत्पन्न होती है। कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की सविुधा को ध्यान में रखतेहुए अतिरिक्त संचालक (AD) कार्यालय को शीघ्र ही शहडोल में प्रारंभ किया जाए, ताकि संभाग के लोगों को अनावश्यक दूरी तय न करनी पड़े और कार्य सुगमता से संपन्न हो सकें। आईटीआई महाविद्यालय शहडोल को प्रारंभ हुए लगभग 10 वर्ष हो चकुे हैं, परन्तुबवर्तमान में यहाँ केवल दो ही शाखाएँ( माइनिगं एवं मैकेनिकल इंजीनियरिगं ) संचालित हो रही हैं। इस क्षेत्र के विद्यार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यआईटी महाविद्यालय में अन्य इंजीनियरिगं शाखाएँ भी प्रारंभ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। शहडोल स्थित शासकीय बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में ब्लड बैंक है परंतु संचालित नहीं हो पा रहा जिससे मरीजों को समस्या का सामना करना पड़ता हैं। जिसको ध्यान में लाते हुए मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक संचालित किए जाए। विश्वविद्यालय शहडोल एवं पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बुढार में रिसर्च लैब की स्थापना, प्रतिनियक्तियाँ पूर्व कुलपति डॉ. सुनील गुप्ता के कार्यकाल में की गई थीं, जिन पर कई करोड़ रुपयेके घोटाले के आरोप सिद्ध होनेके कारण जेल भी जा चुके हैं। अशासकीय महाविद्यालय डॉ. पी.एल. वर्मा को शासन के नियमों की अनदेखी करते हुए आईटीआई शहडोल में प्रतिनियक्ति पर नियक्तु किया गया है। समस्त प्रकरणों की उच्च स्तरीय जांच कराते हुए उन्हें तत्काल पद से हटाया जाए। इसी प्रकार और कई अन्य बिन्दुओ पर ज्ञापन सौपा हैं, जिसमें उपमुख्यमंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया है कि जल्द इन सभी विषय पर कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को दंड दिया जाएगा।

# 1008 श्री आदिनाथ भगवान जन्म कल्याणक महोत्सव उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थस्थल पवित्र नगरी अमरकंटक स्थित दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर में प्रथम तीर्थंकर 1008 श्री आदिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक महोत्सव चैत्र कृष्ण पक्ष नवमी, मूल नक्षत्र के पावन अवसर पर अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ परंपरागत विधि-विधान से मनाया गया। इस अवसर पर जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान की पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महोत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल से ही जैन मंदिर परिसर में धार्मिक अनुष्ठानों की शुरूआत हो गई। प्रातः 8 बजे भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा अत्यंत श्रद्धा भाव से संपन्न किया गया। भक्तों ने पवित्र जल,



पंचामृत एवं विभिन्न पवित्र द्रव्यों से भगवान का अभिषेक कर मंगलकामनाएं कीं। इसके पश्चात प्रातः 8:30 बजे शांति धारा का आयोजन किया गया, जिसमें विश्व शांति, समाज की सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की मंगल कामनाएं की गईं। अगले चरण में आयोजित धार्मिक विधान कार्यक्रम में जैन समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान आदिनाथ के दिव्य गुणों का स्मरण करते हुए पूजन-अर्चन एवं आराधना की। इस दौरान पूरा जैन मंदिर परिसर भक्ति, साधना और आध्यात्मिक वातावरण से ओतप्रोत रहा। श्रद्धालु पूरे समय धर्म आराधना और भक्ति में लीन दिखाई दिए। जन्म कल्याणक महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में दोपहर 12 बजे से विशाल भोजन भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ प्रांत के खोडरी, पेंड्रा रोड, गौरेला, तथा मध्य प्रदेश के अनूपपुर, बुढार, धनपुरी और शहडोल सहित विभिन्न स्थानों से सैकड़ों की संख्या में जैन समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान पेंड्रा निवासी नितिन जैन ने 35,000 रुपये की बोली लगाकर भगवान आदिनाथ का महा मस्तकाभिषेक, शांति धारा एवं विधान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। समस्त पूजन-अर्चन की विधियां मंदिर के पुजारी दया जैन द्वारा विधिपूर्वक संपन्न कराई गईं।



# सरकार का लक्ष्य कृत संकल्प के साथ हो नागरिकों की हर समस्या का समाधान हो- प्रभारी मंत्री

### जिले के प्रथम अटल सुशासन भवन का किया लोकार्पण

**उमरिया।** प्रदेश सरकार की मंशा अनुसार उमरिया जिले में संकल्प से समाधान अंतर्गत क्लस्टर स्तर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शिविरों के माध्यम से जनता से आवेदन प्राप्त करके उनका निराकरण कि दिशा में कार्य किया जा रहा है।संकल्प से समाधान के तहत आयोजित हो रहे शिविर ग्रामीणों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगे।उक्त आशय के विचार प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान ने कर-केली विकासखंड के ग्राम गोपालपुर में आयोजित संकल्प से समाधान के तहत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होने कहा कि उमरिया जिले में पहला अटल सुशासन भवन(पंचायत भवन) ग्राम गोपालपुर में लोकार्पित किया गया है,जो क्षेत्रवासियों के लिए गौरव की बात है।यह सर्व सुविधा युक्त है। इस भवन में सरपंच कक्ष, सचिव कक्ष,सभा कक्ष,अतिथि कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण किया गया है।उन्होंने कहा कि गांव गांव मे पक्की सड़को का जाल बिछाया जा रहा है। पक्की सड़कों का जाल बिछने से ग्रामीणों का आवागमन सुगम हो गया है तथा लोगों की पहुंच बाजार एवं शहरी क्षेत्रों तक आसान हुई है जिससे ग्रामीणों के आर्थिक स्तर में भी सुधार देखने को मिल रहा है। उन्होने कहा कि विकासखंड करकेली में 31 हजार ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास बनाने की राशि दी जा चुकी है।आवास के पक्के हो जाने पर ग्रामीणों को बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिल रही है।उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार व्दारा क्लस्टर स्तर पर लगाए जा रहे संकल्प से समाधान शिविर का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाएं।क्लस्टर स्तर पर समाधान होने वाली समस्याओं का निराकरण यहीं किया जाएगा। ग्रामीणों को शिविर के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर लाभांवित करने का कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम में ग्राम बिरहुलिया के नर्तक दल व्दारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई।जिला प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान तथा अन्य अतिथियों ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित शिविर में प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा विभाग प्रमुखों व्दारा ग्रामीण जनों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

### अटल सुशासन भवन का किया लोकार्पण

प्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने कर-केली विकास खंड के ग्राम गोपालपुर में 37.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित अटल सुशासन भवन नवीन ग्राम पंचायत भवन का लोकापर्ण किया एवं पंचायत का निरीक्षण किया। अटल सुशासन भवन में सरपंच कक्ष,सचिव कक्ष, अभिलेख कक्ष,कम्प्यूटर कक्ष, अतिथि कक्ष,रसोई कक्ष , सभाकक्ष का निर्माण किया गया है । निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत गोपालपुर है। इसकी विशेषता यह है कि यह पंचायत भवन जिले का पहला अटल सुशासन भवन है।जिले में कुल 20 अटल भवन स्वीकृत किए गए हैं।

# भाजपा किसान मोर्चा की बैठक संपन्न, 10 वर्ष के कार्यकाल को गिनाते हुए जिला अध्यक्ष की आंखें हुई नम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला शहडोल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री बृजेश सिंह बुंदेला वा नीति एवं शोध के प्रदेश प्रभारी तथा किसान मोर्चा जिला शहडोल के ऊजार्वान जिला अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी की गरिमामई उपस्थिति में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में किसान मोर्चा कें महत्वपूर्ण योगदान आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा तथा नए मोर्चे के गठन के संदर्भ में कार्यकताओं को प्रदेश मंत्री बृजेश सिंह बुंदेला ने संबोधित किया साथ ही किसान मोर्चा के संघटनात्मक गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की। इस अवसर पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रविकांत त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में अपने बीते हुए



10 साल के कार्यकाल के अनुभव को कार्यकताओं के सामने साझा किया, संबोधन के समय जिला अध्यक्ष का गला भर आया वह अपने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए काफी भावुक दिखे, उन्होंने अपने किसान मोर्चा के समस्त पदाधिकारियो को उनके अविस्मरणीय सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं के अपार प्रेम व पूर्व के सहयोग को स्मरण कर उनकी उपलब्धियां को भी साझा किया इस अवसर पर इनकी रही उपस्थिती किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति के पूर्व सदस्य सुरेश चतुवेर्दी पूर्व जिला महामंत्री किसान मोर्चा राजकुमार सिंह किसान मोर्चा के ही वर्तमान के जिला उपाध्यक्ष रमाकांत तिवारी, मोती सिंह बघेल, नर्मदा साहू, लक्ष्मण गौतम, अजय मिश्रा, लल्लू सिंह तोमर, शत्रुघ्न चतुवेर्दी, जिला महामंत्री रामनारायण मिश्रा, पंकज सिंह बघेल, जिला मंत्री स्नेहा द्विवेदी, अंजू कचेर, राजेंद्र तिवारी, नरेंद्र बरगाही, सूरज द्विवेदी, सोशल मीडिया के प्रभारी नीरज शुक्ला, आईटी सेल प्रभारी उदयभान शर्मा सहित सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष उपाध्यक्ष वा महामंत्रियों की गरिमामई उपस्थिती मे बैठक संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा के ऊजार्वान जिला महामंत्री रामनारायण मिश्रा ने किया तथा आभार प्रदर्शन मोर्चा के ही जिला महामंत्री पंकज सिंह बघेल में किया। इस अवसर पर काफी संख्या में किसान भी रहे उपस्थित कार्यक्रम में सभी जिला उपाध्यक्षों के साथ साथ प्रदेश कार्य समिति के पूर्व सदस्य ने भी अपने पूर्व के किसान मोर्चा के अनुभव को साझा किया।

# संपादकीय

## अहम का अविश्वास

लोकसभा स्पीकर के प्रति अविश्वास व्यक्त करना और फिर अविश्वास प्रस्ताव पेश करना असंवैधानिक, अनैतिक नहीं है, लेकिन यह तार्किक और तथ्यात्मक होना चाहिए। स्पीकर पक्ष और विपक्ष की साझा सहमति से ही चुने जाते हैं और दोनों पक्षों के नेता उन्हें आसन पर विराजमान करते हैं। यही लोकतंत्र का सौंदर्य है। स्पीकर सांसद भी है, राजनेता भी है, एक व्यक्ति भी है, लेकिन सदन में वह संरक्षक और अभिभावक की भूमिका में हैं, लिहाजा तटस्थ और निरपेक्ष हैं। असल जिंदगी में भी अभिभावक हमें डांटते भी हैं और दंड भी देते हैं, लेकिन फिर भी वह हमारे अभिभावक माने जाते रहे हैं। यह तय है कि संसदीय सदन नियमानुसार ही चलते हैं और वे नियम संसद ने ही बनाए हैं, लिहाजा नियमों की पुस्तिका फाड ?ा भी आपराधिक घोषित करना चाहिए। बहरहाल मौजूदा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में ध्वनि-मत से पराजित हो गया। संख्या की सियासत में यही नियति तय होती है। अब ओम बिरला ही स्पीकर रहेंगे और वह अपने दायित्वों की नए सिरे से शुरूआत करेंगे। वह भारत के संवैधानिक और संसदीय इतिहास में चौथे स्पीकर हैं, जिनके प्रति विपक्ष का अविश्वास पराजित हुआ है। देश के प्रथम स्पीकर गणेश वासुदेव मावलंकर के खिलाफ दिसंबर, 1954 में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। तब देश का संविधान ही मात्र 4 वर्ष का था। तब विपक्ष भी नगण्य था। तो क्या प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और स्पीकर मावलंकर के बीच असहमतियों और मतभेदों के मद्देनजर वह अविश्वास व्यक्त किया गया? मावलंकर सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता, संविधानविद थे। सभी उन्हें दादा साहेब कहकर संबोधित करते थे। कई मायनों में उन्हें लोकसभा का जनक भी माना जाता है। संविधान सभा और संविधान का प्रारूप तय करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। ऐसे शख्स के प्रति भी अविश्वास व्यक्त किया जा सकता था, आज हम सिर्फ सवाल कर हैरान हो सकते हैं। बहरहाल मावलंकर के बाद 1966 में हुकम सिंह और 1987 में बलराम जाखड़ सरीखे लोकसभा अध्यक्षों के खिलाफ भी अविश्वास प्रस्ताव पेश किए गए, लेकिन सभी पराजित हुए। वे तीनों स्पीकर कांग्रेसी थे। अब स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ सबसे अहम शिकायत यह थी कि वह नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने ही नहीं देते। उनका रवैया, व्यवहार असंवैधानिक, अलोकतांत्रिक रहा है और उनकी व्यवस्थाएं पक्षपाती रही हैं। विपक्ष के नेताओं के माइक बंद कर दिए जाते हैं। विपक्ष की महिला सांसदों पर स्पीकर ने जानबूझ कर गंभीर आरोप लगाए कि वे सांसद प्रधानमंत्री मोदी के आसन को घेर कर कुछ भी अनिष्ट, अप्रत्याशित कर सकती थीं। विपक्षी सांसदों के निलंबन पर भी सवाल उठाए गए। बहरहाल इन आरोपों की नौबत ही क्यों आई? महिला सांसद प्रधानमंत्री के आसन तक क्यों गई थीं? विपक्ष के सांसद कागज की चिंदी-चिंदी कर स्पीकर के आसन पर क्यों उछालते रहे हैं? निलंबन पहले के स्पीकर भी करते रहे हैं। यह सामान्य कार्रवाई है। स्पीकर सोमनाथ चटर्जी ने तो नकदी के बदले सवाल के भ्रष्ट कदाचार पर कई सांसदों को बर्खास्त ही कर दिया था। स्पीकर को निलंबन ही नहीं, निष्कासन का भी विशेषाधिकार संविधान ने दिया है। ऐसा फैसला सर्वोच्च अदालत ने भी दिया है। अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान विपक्षी सांसदों ने स्पीकर को निशाना बनाते हुए, प्रधानमंत्री मोदी पर, अपमापजनक टिप्पणियां कीं। यह स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। संसद ऐसा मंच नहीं है। गृहमंत्री अमित शाह का कथन उचित है कि संसद मेला नहीं है कि आप कुछ भी बोलें या कुछ भी करें। बेशक सभी सांसद नियमों से बंधे हैं और नियम नेता प्रतिपक्ष पर भी लागू होते हैं। हमें पूरी चर्चा सुनने के बाद ऐसा लगा कि अविश्वास प्रस्ताव स्पीकर के खिलाफ शब्दशः था, लेकिन वह किसी के निजी अहंकार की तुष्टि का प्रस्ताव भी था। औसत आपत्ति यह थी कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया जाता। इस पर पलटवार गृहमंत्री ने किया, लेकिन उन्होंने जो सवाल उठाए, वे अप्रासंगिक थे। अविश्वास स्पीकर के खिलाफ था, न कि प्रधानमंत्री और सरकार के खिलाफ।

# पश्चिमी एशिया में लड़ाई का बढ़ता दायरा

**मान लो लंबी लड़ाई में ईरान हार भी जाता है और अमरीका इस्लाम पंथ के धारक अरब देशों की रक्षा भी कर लेता है, तब भी ईरान को शहीद का दर्जा प्राप्त होगा। शिया पंथ के इतिहास में एक और अध्याय दर्ज हो जाएगा। और अरब देशों को बकौल ईरान ह्यशैताने बुजुर्गह्व अमरीका की गोद में चले जाने का सबब प्राप्त रहेगा। इतिहास में अरब देशों के लिए इससे ज्यादा शर्मिंदगी की वजह और क्या हो सकती है। इसका एक परिणाम तो किसी न किसी रूप में सामने आने ही लगा है। कुछ अरब देश अमरीका के रुतबे और उसकी क्षमताओं पर संदेह करने लगे हैं। वे सुरक्षा के लिए दूसरे कवचों की तलाश करने लगे हैं। सबसे बड़ी बात रूस की। अमरीका ने रूस को यूक्रेन के युद्ध में फंसा रखा है। वह युद्ध उसके गले की फांस बन गया है। अब रूस को अमरीका के गले में हड्डी फंसा देने का सुनहरी अवसर प्राप्त हो गया है। वह जितना हो सकता है, उतनी विविध प्रकार से मदद ईरान की कर रहा है।**



ईरान की लड़ाई का दायरा धीरे-धीरे फैलता जा रहा है और यह भी आशंका व्यक्त की जा रही है कि कहीं यह विश्व युद्ध का रूप न धारण कर ले। पहले दो युद्ध मोटे तौर पर यूरोप के युद्ध थे, यद्यपि उसमें एशिया का जापान और किसी सीमा तक चीन भी शामिल था। भारत की सेना उसमें इसलिए भाग ले रही थी क्योंकि यहां कब्जा इंग्लैंड का था। लेकिन यह युद्ध लड़ा एशिया में जा रहा है। इसमें अमेरिका, कहा जा रहा है इजराइल की सहायता के लिए कूदा है। जब से एशिया में से यूरोपीय देशों का कब्जा हटा है, तब से उसका स्थान अमेरिका ने संभाल लिया है। अमेरिका और यूरोप के तौर-तरीके में एक फर्क है। यूरोप के लोग सीधे सीधे एशिया के देश पर कब्जा कर वहां की सत्ता संभाल लेते थे और उस देश का आर्थिक व सांस्कृतिक शोषण करते थे। लेकिन अमेरिका का तौर तरीका थोड़ा अलग है। वह किसी देश की सत्ता पर सीधा कब्जा नहीं करता, लेकिन उस देश में अपनी समर्थक और परोक्ष रूप से नियंत्रित सरकार स्थापित कर देता है। यदि वह सरकार नियंत्रण से बाहर हो जाए तो उसे किसी न किसी तरीके से गिरा कर नई सरकार स्थापित कर देता है। पाकिस्तान में वह लंबे समय से यही करता आया है। पिछले प्रधानमंत्री इमरान खान ने तो बार-बार कहा था कि अमेरिका उसकी सरकार को गिरा रहा है। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया था कि अमेरिका का हाथ उसकी सरकार को हटाने में था। अभी हटा सत्ताधीश युनूस बाबू तो अमेरिका का ही भेजा हुआ था। पिछले लम्बे अरसे से अमेरिका ईरान सरकार को हटा कर वहां अपनी समर्थक सरकार बनाना चाहता था। लेकिन उसमें सफल नहीं हो रहा था। इजराइल के युद्ध का लाभ उठा कर उसने ईरान में भी तख्ता पलट का अवसर देखा और उसमें कूद पड़ा है।वैसे यह भी कहा जा रहा है कि इजराइल ने उसे फंसा लिया है। लेकिन लगता यह भी है कि अमेरिका ने मौका देख ईरान में भी अपना आदमी बिठा देने का काम निपटा लेना चाहा हो। अमेरिका में ट्रम्प के समय में केवल इतना परिवर्तन हुआ है कि पहले वह यह काम पर्दे के पीछे रह कर करता था, अब वह सामने आकर और खुले में करता ही नहीं, बल्कि कहता भी है कि उसे जो व्यक्ति स्वीकार्य होगा, वही ईरान की सत्ता सम्भाल सकता है। अलबत्ता अमेरिका को किसी देश का कोई शासक पसन्द न हो तो वह उसे मारने या अपहरण कर लेने के अपने अधिकार और उसके क्रियान्वयन की घोषणा भी करता है। इसका ताजा उदाहरण ईरान में अमेरिकी आक्रमण ही है। लेकिन लगता है लड़ाई का यह स्क्रिप्ट उस प्रकार से अभिनीत नहीं हो रहा जिस प्रकार अमेरिका ने इसे लिख रखा था। सबसे पहली गड़बड़ तो यह हो गई कि जिस सत्ता को वह ईरान से उखाड ?ा चाहता था, उसका प्रशासनिक ढांचा कितना गहरा था, शायद अमेरिका को उसका अंदाजा नहीं था। उसने सोचा था खामेनेई को मारने से वहां शून्य व्याप्त हो जाएगा, लेकिन वहां ऐसा नहीं हुआ। अमेरिका की इच्छा या आशा थी कि यूरोप इसमें अमेरिका के पक्ष में आ जाएगा। लेकिन उसकी यह आशा पूरी नहीं हुई। वहां आंतरिक झगड़े ज्यादा प्रबल दिखाई दे रहे हैं। सबसे बड़ी बात, ईरान ने बड़ी ही सधी हुई रणनीति से, अमेरिका समर्थक अरब देशों पर भी एक साथ हमला कर दिया। उसने एक तीर से कई निशाने साध लिए हैं। अरब देशों को संदेश दे दिया कि अमेरिका तुम्हारी रक्षा नहीं कर सकता। यदि शान्ति से रहना चाहते हो तो ईरान का सुरक्षा कवच स्वीकार कर लो। अब इस्लाम पंथ का नाम जपने वाले देश शिया पंथ वाले ईरान का वर्चस्व स्वीकार कर लें, इससे कड़वा घूंट तो मुसलमानों के लिए हो ही नहीं सकता। मान लो लम्बी लड़ाई में ईरान हार भी जाता है और अमेरिका इस्लाम पंथ के धारक अरब देशों की रक्षा भी कर लेता है, तब भी ईरान को शहीद का दर्जा प्राप्त होगा। शिया पंथ के इतिहास में एक और अध्याय दर्ज हो जाएगा। और अरब देशों को बकौल ईरान ह्यशैताने बुजुर्गह्व अमेरिका की गोद में चले जाने का सबब प्राप्त रहेगा। इतिहास में अरब देशों के लिए इससे ज्यादा शर्मिंदगी की वजह और क्या हो सकती है। इसका एक परिणाम तो किसी न किसी रूप में सामने आने ही लगा है। कुछ अरब देश अमेरिका के रुतबे और उसकी क्षमताओं पर संदेह करने लगे हैं। वे सुरक्षा के लिए दूसरे कवचों की तलाश करने लगे हैं। सबसे बड़ी बात रूस की। अमेरिका ने रूस को यूक्रेन के युद्ध में फंसा रखा है। वह युद्ध उसके गले की फांस बन गया है। अब रूस को अमेरिका के गले में हड्डी फंसा देने का सुनहरी अवसर प्राप्त हो गया है। वह जितना हो सकता है, उतनी विविध प्रकार से मदद ईरान की कर रहा है। यदि यूक्रेन चार साल से रूस से लड़ रहा है तो ईरान अमेरिका से क्यों नहीं लड़ सकता? रूस यह जानता है। लेकिन इस पूरी लड़ाई का एक दूसरा पहलू भी है। इस लड़ाई से जो ऊर्जा संकट हो रहा है, उसमें पूरा यूरोप और एशिया फंसता दिखाई दे रहा है। एक तो लड़ाई के कारण कच्चे तेल का उत्पादन कम हो रहा है, दूसरा जो निकल भी रहा है, उसे दूसरे देशों तक पहुंचाया कैसे जाए?

लड़ाई आसमान के साथ समुद्र तक में फैल गई है। ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि जो भी जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरेगा उसे नष्ट किया जाएगा। यकीनन इससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उससे भारत भी अन्य देशों की तरह ही प्रभावित है। भारत अभी तक इस युद्ध से बचा हुआ है। उसने साफ कहा है कि युद्ध से कोई समस्या हल नहीं हो सकती और आतंकवाद से भी कोई समस्या हल नहीं हो सकती। इसलिए सभी पक्षों को मिल बैठकर समस्या के हल निकालने चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से राहुल गांधी इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं। वे नित्य प्रति चिल्ला रहे हैं कि भारत को एक पक्ष बनना चाहिए। इसमें राहुल गांधी का दोष नहीं है। वे नहीं जानते कब चुप रहना चाहिए और कब बोलना चाहिए। इतना ही नहीं, कितना बोलना चाहिए और कहां बोलना चाहिए, यह भी उन्हें मालूम नहीं है। चाणक्य नीति का यह पूरा शास्त्र है। इटली में भी ऐसे अनेक दार्शनिक हुए हैं जो यह सब सिखा सकते हैं। लेकिन शर्त केवल इतनी है कि सीख कर बोलना चाहिए। राहुल गांधी बोलना चाहते हैं, लेकिन बोलने की शर्त को मानना नहीं चाहते। खुदा का शुक्र है कि इस संकट काल में उनकी पार्टी सत्ता में नहीं है, अन्यथा वह गुड़-गोबर कर देती।

## राशिफल

मेष राशि :- कार्य व्यवसाय में विचलित होंगे, स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बेचैनी बनेगी।

वृष राशि :- आकस्मिक बेचैनी, स्वभाव में खिन्नता, थकावट, असमंजस व अस्थिरता की स्थिति बनेगी।

मिथुन राशि :- अकारण बेचैनी, शरीर कष्ट, चोट-चपेट व कष्टप्रद स्थिति बनेगी, धैर्य रखें।

कर्क राशि :- धन लाभ, आशानुकूल सफलता से लाभ होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे ध्यान दें।

सिंह राशि :- मन में बेचैनी, धन लाभ, आशानुकूल सफलता से लाभ होगा, समय का ध्यान रखें।

कन्या राशि :- अर्थलाभ कुटुम्ब की समस्यायें अवश्य ही सुलझेंगी, स्त्री कार्य से हर्ष होगा।

तुला राशि :- विरोधी परेशान करेंगे, प्रतिष्ठा पर आंच आने का भय सावधान रहें, मानसिक तनाव।

वृश्चिक राशि :- कार्यवृत्ति में सुधार, प्रगति की ओर बढ़ेंगे, मित्रों के सहयोग से कार्य होंगे।

धनु राशि :- अधिकारियों से तनाव व क्लेश, मान-प्रतिष्ठा बाल-बाल बचे, रुके कार्य बनेंगे।

मकर राशि :- चिन्तायें कम होंगी, सफलता के साधन जुटायें, कार्य अवश्य ही होंगे।

कुंभ राशि :- आर्थिक परेशानी हो सकती है, कार्यवृत्ति में सुधार होगा, समय का ध्यान रखें।

मीन राशि :- इष्ट मित्र सुखवर्धक होंगे, आर्थिक योजना पूर्ण होगी, समय पर कार्य करें।

# कामाख्या मंदिर में हर मनोकामना होती है पूरी



कामाख्या मंदिर में जब भी आप दर्शन करने के लिए आएं, तो पूजा के साथ मंत्र जाप भी करना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी कामाख्या मंदिर के दर्शन करने की योजना बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। असम के गुवाहाटी में स्थित कामाख्या मंदिर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां पर रोजाना बड़ी संख्या में भक्त दर्शन और पूजन के लिए आते हैं। माना जाता है कि भक्त यहां आकर जो भी कामना करते हैं, वह जरूर पूरी होती है। इसलिए कामाख्या मंदिर में जब भी आप दर्शन करने के लिए आएं, तो पूजा के साथ मंत्र जाप भी करना चाहिए। ऐसे में अगर आप भी कामाख्या मंदिर के दर्शन करने की योजना बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको कामाख्या मंदिर की खासियत, महत्व और मंत्र आदि के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मंदिर का महत्व

पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक जब भोलेनाथ अपनी पत्नी सती के शव को लेकर ब्रह्मांड में विलाप करते हुए घूम रहे थे। तब श्रीहरि विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के टुकड़े कर दिए थे। जहां-जहां पर मां सती के अंग गिरे, वहां-वहां पर शक्तिपीठों की स्थापना हुई। माना जाता है कि कामाख्या पर्वत पर देवी सती का योनिभाग गिरा था। इसी वजह से मंदिर शक्ति और सृजन का प्रतीक माना जाता है।

### कामाख्या मंदिर का इतिहास

माना जाता है कि कामदेव ने इस मंदिर का निर्माण विश्वकर्मा की मदद से करवाया था। यह मंदिर अभी की तुलना में काफी बड़ा हुआ करता था। कहा जाता है कि इस मंदिर की वास्तुकला इतनी ज्यादा खूबसूरत थी कि इसकी तुलना नहीं की जा सकती है। कामाख्या मंदिर का इतिहास कई किवदंतियों से मिला-जुला है। ऐसा भी कहा जाता है कि कामाख्या मंदिर का निर्माण आर्यों से पहले हुआ था।

फिर जैसे-जैसे शैव अनुयायियों की संख्या बढ़ी, कामाख्या मंदिर का महत्व कम होता गया। इस मंदिर की महत्ता राजा नरका के राज में दोबारा स्थापित हुई। लेकिन 16वीं शताब्दी से पहले कामाख्या मंदिर का इतिहास काफी अस्पष्ट है।

### खासियत और अनोखी परंपराएं

कामाख्या मंदिर अपनी अनोखी परंपराओं के लिए फेमस है। इस मंदिर में देवी की मूर्ति नहीं बल्कि गर्भगृह में एक प्राकृतिक योनिकुंड है। जिसको जलधारा से सिंचित किया जाता है। श्रद्धालु इसको शक्ति स्वरूपा कामाख्या देवी मानकर पूजते हैं। इस मंदिर में तंत्र विद्याओं की भी साधना की जाती है। इस मंदिर में कामाख्या देवी के अलावा दस महाविद्याओं के मंदिर भी हैं। जोकि देवी मां के दस स्वरूप हैं।

### इस मंत्र का करें जाप

ॐ क्लीं क्लीं कामाख्या क्लीं क्लीं नमः

ॐ कामाख्ये कामकलायै कामेश्वरि नमोऽस्तुते। कामदायिनि सिद्धे त्वं कामरूपे नमो नमः॥

कामाख्ये वरदे देवी नीलपर्वतवासिनि। त्वं देवी जगतां माता योनिमुद्रे नमोऽस्तुते॥

# एमएस धोनी: द अनटोल्ड स्टोरी के अभिनेता ने नाना पाटेकर के साथ अपने ड्रीम कोलैबोरेशन पर की बात



क्रांति प्रकाश झा भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री के एक जाने-माने अभिनेता हैं, जिन्होंने फिल्मों और वेब सीरीज में अपने शानदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया है। वर्षों से अपने काम के प्रति समर्पण और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस के कारण उन्होंने दर्शकों के बीच एक मजबूत पहचान बनाई है। अब वह जल्द ही आने वाली वेब सीरीज संकल्प में नजर आएंगे, जिसका निर्देशन प्रकाश झा ने किया है। इस सीरीज में उनके साथ दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर भी नजर आएंगे। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए क्रांति ने बताया कि इतने बड़े कलाकारों के साथ काम करना उनके लिए बेहद प्रेरणादायक रहा, खासकर नाना पाटेकर के साथ। उन्होंने कहा कि नाना पाटेकर की सलाह और दमदार अभिनय ने शूटिंग के दौरान उनके प्रदर्शन को और बेहतर बनाने में मदद की। क्रांति ने बताया कि नाना पाटेकर ने उन्हें बहुत अच्छी तरह गाइड किया। उन्होंने कहा, ह्लमैं बहुत नर्वस था, क्योंकि मेरा सपना पूरा होने वाला था कि मैं नाना सर के सामने अभिनय करने वाला हूँ। इसलिए मैं बहुत घबराया हुआ था। लेकिन जब मैं उनसे मिला, तो उन्होंने मुझे बहुत अच्छे से समझाया, बिल्कुल एक शिक्षक की तरह। उन्होंने आगे कहा, ह्लमेरा बेस्ट सर (प्रकाश झा) की वजह से बाहर आया, और नाना सर के साथ मेरा जो सीन था, मैं कहूंगा कि वह नाना सर की वजह से ही इतना अच्छा बन पाया। मैं यह कह सकता हूँ कि मैंने वहां एक भूमिका निभाई, लेकिन सिर्फ इन दो लोगों (नाना पाटेकर और प्रकाश झा) की वजह से ही मैं उस किरदार को सही तरीके से निभा पाया। क्रांति ने प्रकाश झा के साथ काम करने के अपने सपने के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, ह्लअब मैं एक ऐसी बात बताने जा रहा हूँ जो शायद सर को भी नहीं पता होगी। जब मेरे पिता को पता चला कि मैं दिल्ली से पढ़ाई छोड़कर मुंबई जा रहा हूँ, तो उन्होंने मुझसे एक बहुत जरूरी बात कही। उन्होंने कहा कि हमारे बिहार से एक निर्देशक हैं – प्रकाश झा। उनसे एक बार जरूर मिलना। आखिरकार उनसे मिले हुए अब 10-12 साल हो गए हैं, और अब जाकर मेरा यह सपना सच हो गया है।


# गोआ नहीं, इस बार रत्नागिरि चलिए!

महाराष्ट्र का रत्नागिरी शांत समुद्र तटों, किलों, हरे-भरे पहाड़ों और आध्यात्मिक स्थलों के लिए जाना जाता है। यह जगह भीड़-भाड़ से दूर उन यात्रियों के लिए एकदम परफेक्ट है, जो सुकून, संस्कृति और प्रकृति को एक साथ महसूस करना चाहते हैं। ऐसे में अगर आप भी रत्नागिरी घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको रत्नागिरी में घूमने वाली टॉप 10 जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं। साथ ही यहां की खासियत और घूमने के सही समय के बारे में भी जानेंगे।

### जानिए रत्नागिरी की खासियत

शांत और साफ समुद्र तट आध्यात्मिक स्थल
ऐतिहासिक किले अल्फांसो आम की धरती
कोकण की सादगी और स्वादिष्ट भोजन

**घूमने का सही समय :** बता दें कि रत्नागिरी घूमने के लिए अक्तूबर से मार्च का समय सबसे अच्छा माना जाता है। मानसून में यहां हरियाली मिलती है, लेकिन यात्रा थोड़ी कठिन हो सकती है। यह जगह उन जगहों में से है, जहां शोर नहीं बल्कि सुकून बोलता है।



### घूमने की बेस्ट जगहें

**गणपतिपुले बीच और गणेश मंदिर :** गणपतिपुले बीच और गणेश मंदिर रत्नागिरी का सबसे फेमस स्थल है। समुद्र के किनारे स्थित स्वयंभू भगवान गणेश का मंदिर और साफ-सुथरा बीच मन को शांति देता है। परिवार और आध्यात्मिक यात्रियों के लिए यह स्थान परफेक्ट है।

**रत्नागिरी लाइटहाउस :** अरब सागर का शानदार नजारा देखने के लिए रत्नागिरी लाइटहाउस बेस्ट जगह है। सूर्यास्त के समय का दृश्य यहां पर यादगार बन जाता है।

**जयगढ़ किला :** समुद्र और नदी के संगम पर स्थित जयगढ़ किला में आपको मराठी इतिहास की झलक देखने को मिलेगी। जयगढ़ किला इतिहास और फोटोग्राफी प्रेमियों के लिए शानदार है।

**थिबा पैलेस :** थिबा पैलेस में म्यांमार के राजा थिबा को निर्वासित किया गया था। यह पैलेस ब्रिटिश काल के इतिहास को समझने के लिए काफी महत्वपूर्ण स्थल है।

**भाट्ये बीच :** बता दें कि भाट्ये बीच साफ और शांत है, यहां पर काफी कम भीड़ होती है। यह बीच कपल्स और सोलो ट्रैवलर्स के लिए बेस्ट है।

**मांडवी बीच :** मांडवी बीच रत्नागिरी शहर के पास स्थित है। शाम की सैर के लिए यह बीच काफी लोकप्रिय है। स्थानीय लोगों का मांडवी बीच पसंदीदा स्थल है।

**जय विनायक मंदिर :** शातं वातावरण में स्थिति जय विनायक मंदिर प्रार्थना और ध्यान के लिए उपयुक्त है। धार्मिक और मानसिक शांति की चाह रखने वालों के लिए यह जगह बेस्ट है।



भंडार क्रय नियम का खुले में उड़ा रही जनपद मजाक।

# जनपद पंचायत में खरीदी का खेल ?

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी- जनपद पंचायत सिवनी में पोर्टल के माध्यम से की गई सामग्री खरीदी को लेकर अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। दस्तावेजों के आधार पर सामने आए तथ्यों से संकेत मिल रहे हैं कि खरीदी प्रक्रिया में नियमों को दरकिनार करते हुए बाजार दर से अधिक कीमत पर सामग्री खरीदी गई। जानकारी के अनुसार खरीदी प्रक्रिया में तुलनात्मक दर परीक्षण, गुणवत्ता जांच और पारदर्शिता जैसे अनिवार्य नियमों का पालन नहीं किया गया।**



कागजों में तीन फर्मों के कोटेशन दर्शाए गए, लेकिन वास्तविक खरीदी एक ही विक्रेता से किए जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि जिन सामग्रियों की बाजार में कीमत कम है, उन्हें अधिक दरों पर खरीदा गया, जिससे सरकारी खजाने को आर्थिक क्षति पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। इस मामले की शिकायत जिला पंचायत स्तर तक पहुंच चुकी है, लेकिन अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं होने से कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि क्या यह केवल प्रशासनिक लापरवाही है या फिर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होती है तो खरीदी प्रक्रिया में हुई संभावित गड़बड़ियां और जिम्मेदारों की भूमिका सामने आ सकती है। फिलहाल जनपद पंचायत में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग सरकारी राशि से जुड़े इस मामले में कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: पलारी में 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - मध्यप्रदेश शासन के सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग के निदेर्शानुसार जनपद पंचायत केवलारी के अंतर्गत कृषि उपज मंडी खैरा पलारी में शुक्रवार 13 मार्च 2026 को जनपद स्तरीय मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के तहत सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान 100 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। कार्यक्रम स्थल कृषि उपज मंडी परिसर में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। पंडाल को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया था तथा अतिथियों और परिजनों के लिए भोजन की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। बड़ी संख्या में पहुंचे परिजनों और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में विवाह की सभी पारंपरिक रस्में विधिवत संपन्न कराई गईं।

**प्रत्येक नववधू को मिली 50 हजार की सहायता राशि-** सामूहिक विवाह समारोह में



विवाह संपन्न होने के बाद सभी नवविवाहित जोड़ों को शासन की ओर से निर्धारित सहायता राशि और उपहार सामग्री प्रदान की गई।

योजना के तहत प्रत्येक नववधू को 50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। साथ ही जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र और स्मृति स्वरूप फोटोग्राफ भी प्रदान किए गए। यह योजना मुख्य रूप से गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले तथा मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के पात्र परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए चलाई जा रही है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिल सके। समारोह के दौरान पूरे परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। नवविवाहित जोड़ों को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शुभकामनाएं देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जनपद पंचायत केवलारी, स्थानीय प्रशासन तथा विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता मिलने के साथ ही समाज में समरसता और सहयोग की भावना को भी बढ़ावा मिल रहा है।

# शहडोलझ्रनागपुर एक्सप्रेस की बोगी पटरी से उतरी, यात्रियों में मचा हड़कंप



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सिवनीझ्रनैनपुर रेलखंड में शुक्रवार दोपहर शहडोलझ्रनागपुर एक्सप्रेस का एक कोच पटरी से उतर जाने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। घटना केवलारी तहसील के सुनझिरी (खैररांजी) के पास दोपहर लगभग 12:30 बजे हुई। ट्रेन का सबसे अंतिम हिस्सा ब्रेकवान डिब्बा अचानक पटरी से उतर गया। डिब्बा पटरी से उतरते ही यात्रियों को जोरदार झटका महसूस हुआ। ट्रेन रुकते ही कई यात्री घबराकर कोच से बाहर निकल आए। घटना की सूचना मिलते ही नैनपुर और केवलारी से आरपीएफ, जीआरपी, रेलवे अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन की टीमें चिकित्सकों के साथ मौके पर पहुंच गईं। इस हादसे में एक महिला यात्री को मामूली चोट आई, जिसे मौके पर ही चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार दिया गया। केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल ने बताया कि ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं और कोई गंभीर जनहानि नहीं हुई है। पटरी से उतरे डिब्बे को छोड़कर बाकी ट्रेन को दोपहर करीब ढाई बजे नागपुर के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं रेलवे का तकनीकी अमला पटरी से उतरे डिब्बे को दोबारा ट्रैक पर लाने के लिए मौके पर काम कर रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार नैनपुर से केवलारी के बीच ट्रेन का पहिया अचानक पटरी से उतर गया था, जिससे यात्रियों को तेज झटका लगा। घटना के बाद कुछ समय के लिए रेल मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे जल्द सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## सिल्वर जुबली पर गणगौर गीत-नृत्य प्रतियोगिता कल, अग्रवाल लॉन में होगा आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** राजस्थानी महिला मंडल सिवनी द्वारा सिल्वर जुबली वर्ष के अवसर पर गणगौर गीत-नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे अग्रवाल (अग्रोहा) लॉन, सिवनी में आयोजित होगा। राजस्थानी सवायत सहकारिता मर्यादित, सिवनी के अंतर्गत संचालित राजस्थानी महिला मंडल पिछले 25 वर्षों से लगातार गणगौर प्रतियोगिता और पारंपरिक गणगौर गीतों का आयोजन करता आ रहा है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी गणगौर गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। मंडल की अध्यक्ष पुष्पा अग्रवाल एवं पीआरओ संगीता गौर ने बताया कि प्रतियोगिता में गणगौर पूजन करने वाली बालिकाओं और ब्यावली साल की युवतियों को आमंत्रित किया गया है। प्रतिभागी पारंपरिक गणगौर गीतों और नृत्य की प्रस्तुति देंगी, जिन्हें संस्था द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सिल्वर जुबली वर्ष के अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में प्रसिद्ध सिंगर आशा बिसेन को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में गणगौर गीत-नृत्य के साथ होली उत्सव का भी आयोजन होगा। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम के अंतिम दिन परंपरा के अनुसार गणगौर प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन भी किया जाएगा। मंडल ने गणगौर पूजन करने वाली सभी बालिकाओं और महिलाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# एलपीजी आपूर्ति को लेकर कंट्रोल रूम स्थापित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान भू-राजनैतिक परिस्थितियों के कारण आयात में आई रुकावट को देखते हुए पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सभी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों को निर्देश दिए गए हैं कि एलपीजी की आपूर्ति और विपणन केवल घरेलू उपभोक्ताओं को ही सुनिश्चित किया जाए। जारी निदेर्शों के अनुसार वर्तमान में चिकित्सा संस्थानों और शैक्षणिक संस्थाओं को छोड़कर अन्य किसी भी वाणिज्यिक उपभोक्ता—जैसे होटल, मॉल, औद्योगिक इकाइयाँ, फैक्ट्री तथा बल्क मात्रा में एलपीजी का उपयोग करने वाले संस्थानों—को कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई नहीं की जाएगी। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के निराकरण के लिए कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सिवनी रवि मुकाशी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रवि कुमार मुकाशी मो. 6261124256, ऑपरेटर प्रसन्न यादव मो. 8109800788,



ऑपरेटर लेखराम बिसेन मो. 9179203787, ऑपरेटर प्रद्युम रजक मो. 7909363224 तथा ऑपरेटर अभिलाष डहेरिया मो. 9399062730 से एलपीजी गैस प्रदाय से संबंधित समस्याओं एवं शिकायतों के लिए संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त जिले के सभी अनुभागों में खंड स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। साथ ही गैस की कालाबाजारी और जमाखोरी की रोकथाम के लिए निगरानी दल का भी गठन किया गया है।

# पीजी कॉलेज के वार्षिक स्नेह सम्मेलन में शामिल हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भैरोगंज में शुक्रवार को आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पूजन-अर्चन के साथ किया गया। महाविद्यालय परिवार द्वारा विधायक दिनेश राय मुनमुन का साफा पहनाकर शाल, श्रीफल व फूलमाला से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक ने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए कहा कि वे भी इसी महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और यहीं से उन्होंने एमकॉम व एलएलबी की शिक्षा प्राप्त की है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि 18 से 28 वर्ष की आयु जीवन की दिशा तय करने वाली होती है। कॉलेज का समय जीवन का गोल्डन टाइम होता है, इसलिए शिक्षा के साथ अनुशासन और संस्कारों को आत्मसात करना ही असली सफलता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी पूरी जमा पूंजी लगा देते हैं, इसलिए विद्यार्थियों को अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। उनके आशीर्वाद से ही जीवन सफल होता है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मीना बिसेन, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष अजय पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवनीत ठाकुर, अनूप मिश्रा, शुभम राजपूत, प्राचार्य नाग सहित महाविद्यालय के प्राध्यापक, प्राध्यापिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मेहरा डहेरिया समाज महिला प्रकोष्ठ का महिला दिवस व होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी-** नवनीत मेहरा डहेरिया समाज महिला प्रकोष्ठ सिवनी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह का आयोजन 15 मार्च रविवार को किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक समाज के मंगल भवन, गंगानगर में आयोजित होगा। कार्यक्रम में सामाजिक महिलाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। साथ ही महिलाओं को स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी जाएगी। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष श्रीमती सुनीता डहेरिया ने जिले में निवासरत समाज की सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम के अंत में महिला मंडल द्वारा भोजन की भी व्यवस्था की गई है।

# जल जीवन मिशन की प्रगति पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने जताई नाराजगी

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (ऊहरट) की बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित एकल एवं समूह नल-जल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान एकल नल-जल योजनाओं के सर्टिफिकेशन की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने



नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को इसमें तत्काल गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वीकृत, पूर्ण, हस्तांतरण एवं ट्रायल रन की स्थिति की जानकारी लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि आमजन को नियमित और सुगम जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।

बच्चों के लिए बना आकर्षक शैक्षणिक माहौल

# नि:शुल्क पेंटिंग कर साक्षी ने संवार दी स्कूल की दीवारें




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - सिवनी जिले के जनपद पंचायत केवलारी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खरपड़िया में शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक सहयोग की प्रेरणादायक पहल सामने आई है। यहां साक्षी ने पूरी तरह निःशुल्क पेंटिंग कर स्कूल की दीवारों को आकर्षक और शिक्षाप्रद चित्रों से सजा दिया। इस कार्य में लगने वाला रंग-रोगन और अन्य सामग्री का खर्च स्कूल प्रबंधन द्वारा वहन किया गया। स्कूल की दीवारों पर ग्रहों, मौसम, प्रकृति, फूल, बादल और अन्य शैक्षणिक विषयों से जुड़े रंग-बिरंगे चित्र बनाए गए हैं। इन चित्रों से विद्यालय का वातावरण पहले की तुलना में अधिक आकर्षक और प्रेरणादायक बन गया है। इससे छोटे बच्चों को पढ़ाई के साथ चित्रों के माध्यम से विषयों को समझने में भी आसानी हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में अक्सर संसाधनों की कमी देखने को मिलती है। ऐसे में साक्षी की यह पहल न केवल सराहनीय है बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी बनी है। स्कूल में बनी पेंटिंग्स से बच्चों में रचनात्मकता बढ़ेगी और वे उत्साह के साथ विद्यालय आने के लिए प्रेरित होंगे। साक्षी का कहना है कि प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों के मस्तिष्क के विकास के लिए रंगीन और रचनात्मक वातावरण बहुत जरूरी होता है। जब बच्चे अपने आसपास चार्ट, टीएलएम और शैक्षणिक चित्र देखते हैं तो वे सहज रूप से उनसे सीखने लगते हैं और कई अवधारणाएं बिना दबाव के ही उनकी स्मृति में बैठ जाती हैं। ग्रामीणों ने साक्षी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यदि समाज के लोग इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग करें तो सरकारी स्कूलों का माहौल और भी बेहतर बनाया जा सकता है। साक्षी की इस पहल ने यह साबित कर दिया है कि अब स्कूल की दीवारें भी बच्चों को शिक्षा का पाठ पढ़ा रही हैं।

## कन्या महाविद्यालय में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, छात्राओं को दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में प्राचार्य कल्पना इंग्ले के संरक्षण में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर उमंग उच्च शिक्षा एवं हेल्थ वेलनेस प्रोग्राम की नोडल अधिकारी एवं राष्ट्रीय कार्य बल नोडल अधिकारी डॉ. अनिता भट्ट के नेतृत्व में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रेड रिबन प्रभारी अलका उइके, वनस्पति विभाग से रेड क्रॉस कार्यक्रम प्रभारी रामदीन भलावी का विशेष सहयोग रहा। शिविर में संपूर्ण सुरक्षा केंद्र, शासकीय इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय सिवनी की टीम द्वारा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. जयज ककोड़िया ने एचआईवी, सिफिलिस, टीबी, हेपेटाइटिस बी और सी के बारे में जानकारी दी। वहीं डॉ. मनीषा सिरसाम ने प्रधानमंत्री स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एचपीवी सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन और उसके लाभों के बारे में छात्राओं को बताया। डॉ. वंदना कमलेश ने हेपेटाइटिस बी व सी की जानकारी देते हुए गर्मियों में डिहाइड्रेशन से बचाव के उपाय बताए और अधिक पानी पीने की सलाह दी। वहीं डॉ. पुरुषोत्तम डहेरिया ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को तनाव से बचने और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के उपाय बताए। इस अवसर पर डॉ. हर्षित कोरी ने भी स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं और छात्राओं को हेपेटाइटिस बी व सी की जांच के लिए प्रेरित किया। शिविर में जिला चिकित्सालय सिवनी से आए विषय विशेषज्ञों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों का विशेष सहयोग






## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी जिला सिवनी (म.प्र.)

### ईश्तहार

**रा.प्र.क्र./0245/अपील/25-26 ग्राम सकरदा तह. व जिला सिवनी**

गोविन्द उर्फ चोखेलाल पिता बेनीराम निवासी
ग्राम मरझोर तहसील व जिला सिवनी (म.प्र.) **..अपीलार्थी**

***विरूद्ध***

जिसे कोई आपत्ति हो
(आम जनता जिसका हित हो) **............. उत्तरवादी**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी गोविन्द उर्फ चोखेलाल पिता बेनीराम निवासी ग्राम मरझोर तहसील व जिला सिवनी द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार सिवनी भाग-1 के रा.प्र.क्र./0133/अ-6/2025-2026 में पारित आदेश दिनांक 10-10-2025 के विरुद्ध इस न्यायालय में म.प्र.भू.रा.सं. 1959 की धारा 44 के तहत अपील प्रस्तुत किया है । जिसमें ग्राम मरझोर प.ह.नं. 121 रा.नि.मं.--सिवनी भाग - 1 तहसील व जिला सिवनी में स्थित भूमि ख.नं. 02 रकबा 3.69 हे. भूमि शीलाबाई ध.प. बेनीराम, गोविन्द उर्फ चोखेलाल पिता बेनीराम, छोटीबाई ना.बा. पुत्री बेनीराम, गोविन्दी पुत्री बेनीराम जाति कुर्मी के नाम से दर्ज है। उक्त खाते में सहखातेदार गोविन्द, छोटीबाई नाबालिग से बालिंग किये जाने हेतु अधिनस्थ न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया था लेकिन अधिनस्थ न्यायालय ने दिनांक 10-10-2025 को अपीलार्थी का आवेदन निरस्त कर दिया गया जिसके विरूद्ध अपील इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26-03-2026 को नियत है। इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 26-03-2026 को न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिवनी में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी। यदि किसी कारणवश उक्त दिनांक को शासकीय अवकाश घोषित होता हैं तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में होगी। आज दिनांक को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्र से सर्वसाधारण की सूचना हेतु ईश्तहार का प्रकाशन किया गया।

जारी दिनांक-11-03-2026
पेशी तारीख - 26-03-2026

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी**

ग्वालियर के घाटीगांव में लाड़ली बहना सम्मेलन

# 1.25 करोड़ बहनों को मिली 1836 करोड़ रुपए की 34वीं किस्त

ग्वालियर। ग्वालियर जिले के घाटीगांव में शुक्रवार को लाड़ली बहना सम्मेलन का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पहुंचकर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सीएम ने कन्यापूजन भी किया। वे यहां 1.25 करोड़ लाडली बहनों के खाते में 1836 करोड़ रुपए की अगली किस्त डाली। साथ ही लगभग 122 करोड़ रुपए की लागत के 54 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री राजमाता विजयाराजे सिंधिया टर्मिनल एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर से घाटीगांव पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लाडली बहनें पहुंच गई हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। बता दें कि योजना की यह 34वीं किस्त है, जो आज दी जा रही है।

ग्वालियर जिले की 3 लाख 2 हजार 850 महिलाओं के खातों में 44 करोड़ 83 लाख रुपए की राशि अंतरित की गई। साथ ही सरकार की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आर्थिक सहायता भी वितरित की गई।




लाड़ली बहना सम्मेलन में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्य सरकार के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह और प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद भारत सिंह कुशवाह, विधायक मोहन सिंह राठौर तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

इन कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शबरी माता परिसर में आयोजित लाड़ली बहना सम्मेलन के दौरान ग्वालियर जिले में लगभग 122 करोड़ रुपए की लागत के 54 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इनमें लगभग 62 करोड़ रुपए के 19 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 60 करोड़ रुपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। लोकार्पित होने वाले प्रमुख कार्यों में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलैथ का भवन और 9.11 करोड़ रुपए की लागत से डाडा खिरकझतिघरा मार्ग पर सांक नदी पर बना उच्च स्तरीय पुल शामिल हैं। इसके अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र बन्हेरी तथा शहर और ग्रामीण क्षेत्र की नव-निर्मित सड़कों का लोकार्पण भी किया गया। भूमिपूजन किए जाने वाले प्रमुख कार्यों में आईएसबीटी के समीप 6.17 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला 100 सीटर श्रमिक विश्रामगृह तथा 12.16 करोड़ रुपए की लागत से अंबेडकर धाम के द्वितीय चरण में बाबा साहब के जीवन पर आधारित संग्रहालय का निर्माण शामिल है। इसके अलावा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न सड़कों, आयुर्वेदिक महाविद्यालय में एनाटॉमी विभाग के लिए बनने वाले हॉल व छात्रावास तथा भितरवार में लगभग 4 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण भी प्रस्तावित है।

# भोपाल जल अभावग्रस्त घोषित, प्राइवेट ट्यूबवेल खनन पर रोक

## बिना अनुमति बोरिंग पर एफआईआर और 2 साल तक सजा; बोरवेल मशीनें भी नहीं गुजर सकेंगी



भोपाल। भोपाल जिले को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही पूरे जिले में निजी ट्यूबवेल और बोरवेल खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रमसिंह ने शुक्रवार को जारी किए, जो तुरंत लागू हो गए हैं। आदेश के उल्लंघन पर एफआईआर दर्ज होने के साथ दो साल तक की सजा का प्रावधान है। कलेक्टर के आदेश के मुताबिक जिले में अब बिना अनुमति ट्यूबवेल या नलकूप खनन नहीं किया जा सकेगा। यदि कोई व्यक्ति अवैध रूप से बोरिंग कराता है या मशीन जिले में प्रवेश करती है, तो संबंधित एसडीएम और पुलिस अधिकारी मशीन जब्त कर एफआईआर दर्ज करवा सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर दो हजार रुपए जुमार्ना, दो साल की सजा या दोनों हो सकते हैं। साथ ही बोरवेल मशीनों के जिले से गुजरने पर भी रोक लगा दी गई है। तेज गर्मी और गिरते भूजल स्तर को देखते हुए इस बार यह प्रतिबंध पहले ही लागू कर दिया गया है। पिछले साल यह आदेश 7 अप्रैल को जारी किया गया था, जबकि इस बार करीब 25 दिन पहले ही इसे लागू कर दिया गया है। यह आदेश 30 जून तक प्रभावी रहेगा।

**शासकीय योजनाओं पर रोक नहीं :** कलेक्टर के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह प्रतिबंध केवल निजी नलकूपों पर लागू होगा। शासकीय योजनाओं के तहत किए जा रहे नलकूप खनन कार्यों पर यह रोक लागू नहीं होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) द्वारा संचालित कार्यों के लिए किसी विशेष अनुमति की आवश्यकता नहीं होगी।

**पेयजल संकट से बचाव के लिए फैसला :** जिले में कृषि और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए भूजल का अत्यधिक दोहन हो रहा है, जिससे जल स्तर तेजी से गिर रहा है। आने वाले ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। अधिकारियों के अनुसार यदि निजी नलकूप खनन पर रोक नहीं लगाई जाती तो आने वाले महीनों में गंभीर जल संकट की स्थिति बन सकती है।

**इस कानून के तहत आदेश :** कलेक्टर ने आदेश में बताया कि मप्र ड्रिंकिंग वॉटर कंजर्वेशन एक्ट 1986 और इसके 2002 संशोधन के तहत यह कार्रवाई की गई है। अधिनियम की धारा 3 के तहत भोपाल जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। वहीं धारा 6(1) के अंतर्गत पूरे जिले में निजी और अशासकीय नलकूप खनन पर तत्काल प्रतिबंध लगाया गया है।

# पारदी दंपती हत्याकांड: पूर्व मंत्री सुखदेव पांसे सहित 14 बरी

## 19 साल चली सुनवाई के बाद MP-MLA कोर्ट ने सुनाया फैसला

बैतूल। बैतूल जिले के मुलताई के पास स्थित चौथिया गांव में वर्ष 2007 में हुए पारदी दंपति हत्याकांड में टढ-टछअ कोर्ट की विशेष अदालत ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया। अदालत ने पूर्व मंत्री और विधायक सुखदेव पांसे और वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार सहित 14 आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। यह फैसला घटना के लगभग 19 वर्ष बाद आया है। इस निर्णय से उन सभी आरोपियों को बड़ी राहत मिली है, जिन्हें पिछले 19 वर्षों से लगातार भोपाल स्थित कोर्ट में पेशी पर जाना पड़ रहा था। फैसले को लेकर बैतूल जिले में लंबे समय से राजनीतिक सरगर्मी बनी हुई थी।

### 2007 में हुई थी पारदी दंपति की हत्या

मुलताई क्षेत्र में हुई इस वारदात के बाद आसपास के गांवों में पारदी समुदाय के खिलाफ भारी आक्रोश फैल गया। लोगों में यह धारणा बन गई कि इस घटना में पारदी समुदाय के लोग शामिल हैं।11 सितंबर 2007 को मुलताई के पास चौथिया ढाने में पारदी समाज की बस्ती में हिंसक घटना हुई थी। उस समय बड़ी भीड़ ने पारदी बस्ती पर हमला कर करीब 62 मकानों को आग के हवाले कर दिया था। घटना के बाद इलाके में काफी तनाव की स्थिति बन गई थी। मामले में पीड़ित पक्ष के आलस्य पारदी ने पुलिस कार्रवाई से असंतुष्ट होकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसके बाद 7 अगस्त 2009 को हाईकोर्ट ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी थी।

# भोपाल नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में छापा

## संबल योजना और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच, लोकायुक्त की टीम कर रही पूछताछ

भोपाल। भोपाल नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा पर शुक्रवार को लोकायुक्त की टीम ने छापा मारा। कार्रवाई फतेहगढ़ स्थित कार्यालय और लिंक रोड नंबर-2 पर बने मुख्य कार्यालय में एक साथ की गई। लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर और डीएसपी अजय मिश्रा टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। लोकायुक्त की दो अलग-अलग टीमें दोनों कार्यालयों में जांच कर रही हैं। कम्प्यूटर शाखा में नगर निगम से जुड़े महत्वपूर्ण ऑनलाइन रिकॉर्ड और लेखा-जोखा रखा जाता है, इसलिए दस्तावेजों की बारीकी से जांच की जा रही है। **संबल योजना के दस्तावेज खंगाले :** टीम ने संबल योजना से जुड़े रिकॉर्ड और ऑनलाइन एंट्री की जांच शुरू की है। इसके साथ ही अन्य डिजिटल रिकॉर्ड में संभावित गड़बड़ियों की भी पड़ताल की जा रही है। फतेहगढ़ स्थित कार्यालय में मौजूद तीन कर्मचारियों वसीम, सोहेल और पंकज से अंदर पूछताछ की जा रही है। टीम ने सुबह करीब 11:30 बजे दोनों स्थानों पर एक साथ छापे की कार्रवाई शुरू की। **22 फरवरी को नए भवन में हुई थी शिफ्टिंग :** फतेहगढ़ में स्थित नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा को 22 फरवरी को लिंक रोड नंबर-2 पर बने नए भवन में शिफ्ट किया गया था। रेड के दौरान दोनों इमारतों में रखे दस्तावेजों की जांच की जा रही है। **कम्प्यूटर शाखा में होते हैं ये ऑनलाइन कार्य :** नगर निगम की कम्प्यूटर शाखा में संबल योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रॉपर्टी टैक्स और अन्य ऑनलाइन सेवाओं से जुड़े काम संचालित होते हैं। लोकायुक्त टीम इनसे संबंधित रिकॉर्ड की जांच कर रही है। **दस साल पुराना रिकार्ड को जब्त किया जा रहा :** इस दौरान पिछले करीब 10 साल के रिकॉर्ड और दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लोकायुक्त पुलिस इस मामले में नगर निगम के दो ऑफिस बॉय और एक ऑपरेटर से पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक फर्जी बिल लगाकर भुगतान कराने का मामले से जुड़ी शिकायत के बाद कार्रवाई की गई है। लोकायुक्त की टीम पुराने दस्तावेजों और भुगतान से जुड़ी फाइलों की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की स्पष्ट जानकारी सामने आ पाएगी। फिलहाल लोकायुक्त की कार्रवाई जारी है। संबल योजना और कर्मकार मंडल के तहत 2023 में 2 करोड़ से अधिक के फजीर्वाड़े मामले से जुड़े रिकॉर्ड लोकायुक्त की टीम खंगाल रही है।



# चंबल में घड़ियालों के लिए काल बना रेत माफिया

## अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, कहा-जहां सीएम ने घड़ियाल छोड़े, वह इलाका भी सुरक्षित नहीं

दिल्ली/भोपाल। राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्यजीव अभयारण्य में हो रहे अवैध खनन पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने मीडिया रिपोर्ट्स और सीएसआर की रिपोर्टों के आधार पर मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। कोर्ट ने साफ कहा कि संरक्षित क्षेत्रों में पूर्ण प्रतिबंध के बावजूद रेत का अवैध खनन और परिवहन जारी है, जो लुप्तप्राय प्रजातियों के लिए काल बन रहा है।

**जहां सीएम ने घड़ियाल छोड़े, वह इलाका भी सुरक्षित नहीं :** सुनवाई के दौरान विक्रम नाथ ने गंभीर टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उट



मोहन यादव ने जिन इलाकों में घड़ियाल छोड़े थे, वे क्षेत्र भी अब सुरक्षित नहीं रहे। अवैध खनन के कारण वहां का प्राकृतिक वातावरण खराब हो रहा है। खनन माफिया के डर और प्राकृतिक आवास नष्ट होने की वजह से घड़ियालों को अपने क्षेत्र छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है। हमने देखा है कि जिन संरक्षित क्षेत्रों में घड़ियाल संरक्षण कार्यक्रम चल रहा है, वहां अंधाधुंध खनन हो रहा है। इसके कारण घड़ियालों को विस्थापित होना पड़ रहा है। मामला अब उचित दिशा-निदेर्शों के लिए प्रधान न्यायाधीश (उखक) के समक्ष भेजा जाएगा।" – जस्टिस संदीप मेहता

**पारिस्थितिक तंत्र पर मंडरा रहा खतरा :** चंबल अभयारण्य का 435 किलोमीटर लंबा क्षेत्र घड़ियालों के अलावा रिवर डॉल्फिन, दुर्लभ कछुओं और पक्षियों का भी घर है। कोर्ट ने चिंता जताई कि संरक्षित क्षेत्र में रेत का परिवहन और खनन पूरी तरह प्रतिबंधित है, फिर भी यह धड़ल्ले से जारी है। रेत इस पूरे ईको-सिस्टम का आधार है। इसके हटने से घड़ियालों के प्रजनन और रहने की जगह खत्म हो रही है। अवैध खनन न केवल वन्यजीवों बल्कि पूरे पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़ रहा है।

**तीन राज्यों की सीमा पर स्थित है 'सेंसिटिव जोन' :** 1979 में अधिसूचित राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के त्रिकोणीय क्षेत्र पर स्थित है। इसे मुख्य रूप से लुप्तप्राय घड़ियालों को बचाने के लिए बनाया गया था, लेकिन अब यह माफियाओं की शरणस्थली बनता जा रहा है।

# जयपुर मंडल में ट्रैक मेंटेनेंस के कारण कई ट्रेनें प्रभावित

## जोधपुर एक्सप्रेस की 7 ट्रिप निरस्त, जबलपुर-अजमेर और नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस भी प्रभावित

भोपाल। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल के कनकपुरा स्टेशन यार्ड में प्रस्तावित ट्रैक मेंटेनेंस काम के कारण भोपाल मंडल से संचालित और यहां से गुजरने वाली कई ट्रेनें मई महीने में प्रभावित रहेंगी। रेलवे प्रशासन के अनुसार इस काम के चलते कुछ ट्रेनों को निरस्त किया गया है, जबकि कुछ रेल सेवाओं का संचालन सीमित स्टेशनों तक ही किया जाएगा।

**भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस की 7-7 ट्रिप निरस्त :** गाड़ी संख्या 14814 भोपाल-जोधपुर एक्सप्रेस भोपाल से 3, 4, 5, 8, 12, 13 और 14 मई 2026 को कुल 7 ट्रिप निरस्त रहेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 14813 जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस जोधपुर से 2, 3, 4, 7, 11, 12 और 13 मई 2026 को कुल 7 ट्रिप रद्द रहेगी।



**जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस का संचालन जयपुर तक :** गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर एक्सप्रेस 3 से 5 मई, 8 मई और 11 से 14 मई तक जबलपुर से चलकर केवल जयपुर तक ही संचालित होगी। इस दौरान जयपुर और अजमेर के बीच यह ट्रेन नहीं चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 12182 अजमेर-जबलपुर एक्सप्रेस 4 से 6 मई, 9 मई तथा 12 से 15 मई तक अजमेर की जगह जयपुर से ही प्रस्थान करेगी। इससे अजमेर और जयपुर के बीच यह रेल सेवा आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

**नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस भी प्रभावित :** गाड़ी संख्या 22175 नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस 14 मई को नागपुर से चलकर केवल अजमेर तक ही जाएगी और अजमेर से जयपुर के बीच संचालित नहीं होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 22176 जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस 15 मई को जयपुर की बजाय अजमेर से संचालित की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से असुविधा के लिए खेद व्यक्त करते हुए कहा है कि ट्रैक मेंटेनेंस कार्य बेहतर सुरक्षा, गति और संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए किया जा रहा है। यात्रियों से यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की जानकारी लेने की अपील की गई है।

# जनजातीय अंचल के विकास में खेत और किसान की अच्छी सेहत जरूरी : राज्यपाल श्री पटेल

## राज्यपाल सिकल सेल एनीमिया जागरूकता, बीज एवं कृषि उपकरण वितरण कार्यक्रम में हुए शामिल

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए स्वास्थ्य और आधुनिक कृषि पद्धतियों की जागरूकता जरूरी है। विकास के लिए खेत और किसान की अच्छी सेहत होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया जैसी आनुवांशिक बीमारी के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करना तथा किसानों को आधुनिक कृषि संसाधनों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। राज्यपाल श्री पटेल अनुसूचित जनजाति उपयोजना के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम एवं कृषि उपकरण एवं बीज वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने इस अवसर पर 300 जनजातीय किसानों को 36 लाख रुपए से अधिक के कृषि उपकरण, बीज एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के सूक्ष्म सिंचाई घटक के हितलाभ किसानों को प्रदान किए। विभिन्न विभागों के हितलाभ हितग्राहियों को वितरित किए गए। उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को अनुदान स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। सिकल सेल से पीड़ित मरीजों से चर्चा कर उनका हालचाल जाना तथा उनके स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। उन्होंने फोलिक एसिड तथा हाइड्रोक्सी यूरिया की दवाओं का




नियमित उपयोग किये जाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल को सुश्री जानकी डावर ने स्वनिर्मित पेंटिंग भेंट की।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि सिकल सेल अनुवांशिक रक्त विकार है, जो लड़के और लड़कियों दोनों में समान रूप से पाया जाता है। इस बीमारी में मरीज के रक्त की लाल कणिकाएं हंसिया के आकार की हो जाती हैं। जल्दी-जल्दी टूटने लगती हैं, जिससे गंभीर एनीमिया, पीलिया तथा तिल्ली के बढ़ने जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ये कणिकाएं शरीर के विभिन्न अंगों में फंसकर घुटनों, हाथ-पैर, सीने और पेट में असहनीय दर्द का कारण बनती हैं। कई बार ये मस्तिष्क और हृदय में फंसकर लकवा या हृदयाघात जैसी गंभीर स्थितियां उत्पन्न कर सकती हैं, जिससे मरीज की मृत्यु भी हो सकती है। उन्होंने बताया कि इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 21 नवम्बर 2021 को राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का शुभारंभ मध्यप्रदेश से किया था। प्रथम चरण में झाबुआ और आलीराजपुर जिलों में पायलट परियोजना के रूप में कार्य प्रारंभ किया गया था। उन्होंने जिले द्वारा स्क्रीनिंग एवं डिजिटल कार्ड वितरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस दिशा में सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए आगे भी जनजातीय समुदाय को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए।

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में किसानों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से कृषि किट उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे किसानों को उत्पादकता और आय बढ़ाने में सहायता मिल रही है। जनजातीय महिलाएं भी स्व-सहायता समूह के माध्यम से सामाजिक एवं आर्थिक विकास में योगदान कर रही है।

**राज्यपाल ने बीज गोदाम और एकीकृत कृषि इकाई का वर्चुअली लोकार्पण किया :** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र, आलीराजपुर में स्थापित एकीकृत कृषि प्रणाली इकाई एवं बीज गोदाम का झाबुआ से वर्चुअली लोकार्पण रिमोट का बटन दबाकर किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान, पूर्व सांसद श्री गुमान सिंह डामोर, कुलगुरु राजमाता विजयाराजे कृषि विश्वविद्यालय प्रो ए के शुक्ला, कलेक्टर नेहा मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ शिवदयाल सिंह, जनप्रतिनिधि, अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# विवाद के बाद युवक ने खुद को लगाई आग

## 80 प्रतिशत झुलसा, गंभीर हालत में भोपाल रेफर, बारात में हुआ था विवाद

बैतूल। बैतूल जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान हुए विवाद के बाद युवक ने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। घटना में युवक करीब 80 प्रतिशत झुलस गया। गंभीर हालत में उसे इलाज के लिए भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया है।

**पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ विवाद :** जानकारी के अनुसार 22 वर्षीय देवेश वर्मा उर्फ गौतम, पिता नर्मदा प्रसाद वर्मा, ग्राम सुहागपुर ढाना का निवासी है। सुहागपुर ढाना से जामपानी गांव में एक बारात गई थी। इसी शादी समारोह में देवेश का साहिल वर्मा और उसके साथियों से पुराने पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच मारपीट भी हुई। इसके बाद देवेश घर लौट आया और उसने खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। **पहले शाहपुर, फिर बैतूल से भोपाल किया रेफर :** ाटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उसे गंभीर हालत में शाहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल बैतूल रेफर किया गया। वहां से भी हालत गंभीर होने पर शुक्रवार तड़के करीब 3:10 बजे उसे भोपाल के हमीदिया अस्पताल भेज दिया गया। शाहपुर थाना प्रभारी अरविंद कुमरे ने बताया कि युवक करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गया है। पुलिस ने एंबुलेंस में ही उसका बयान दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि देवेश वर्मा मंडीदीप की एक निजी कंपनी में काम करता है और होली की छुट्टी पर अपने गांव आया हुआ था।

# बरही में आयोजित किसान सम्मेलन में जिलेवासियों को मुख्यमंत्री देंगे 243 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 14 मार्च को बरही में आयोजित किसान सम्मेलन कार्यक्रम में जिले को 243.22 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 180.37 करोड़ रुपये के 62 विकास कार्यों का लोकार्पण और 62.85 करोड़ रुपये के 35 विकास कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे।



## इन विकास कार्यों का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकासखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत 1.57 करोड़ की लागत से बने 33/11 केव्ही उपकेंद्र डोकरिया, 0.35 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत टीकर, ग्राम सिमरिया, 0.69 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत झिरिया, ग्राम झिरिया, 0.74 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत गौरहा, ग्राम राखी पुरैनी, 0.33 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत जिजनौड़ी, ग्राम जिजनौड़ी, 0.32 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत जिजनौड़ी ग्राम जटवाराखुर्द, 0.31 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत अमुवारी ग्राम खिरवा नं 2, 38.02 करोड़ के कारीतलाई सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के मुख्य भवन, विजयराघवगढ़ में 2.89 करोड़ के 3 ट्रेड आईटीआई भवन और 8.49 करोड़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बरही का लोकार्पण करेंगे। इसी प्रकार विकासखंड कटनी के अंतर्गत 0.58 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पौंसरा ग्राम जमोडीटोला, 0.60 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत गैतरा ग्राम भरौली, 0.61 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पिपरौध ग्राम घुघरा, 0.47 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत केवलारी, ग्राम बिछिया, 1.47 करोड़ के शासकीय हाई स्कूल भवन हिरवारा, 6.18 करोड़ के वाणिज्यिक कर कार्यालय कटनी के भवन, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र रैपुरा, 16.86 करोड़ के जिला चिकित्सालय कटनी में सीसीएचबी, 6.61 करोड़ के घंघरी कला से घंघरीखुर्द के मध्य अलोनी नदी पर पहुंच मार्ग सहित उच्च स्तरीय पुल, 64.19 करोड़ की लागत से बने बड़गांव करहिया गोदाना मोहास लालपुर पाली मार्ग का लोकार्पण करेंगे। जबकि विकासखंड बहोरीबंद के अंतर्गत 0.44 करोड की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत केवलराहा ग्राम हाथीभार, 0.69 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत केवलराहा, 0.37 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सिमरापटी ग्राम कजरवारा, 1.21 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पटोरी ग्राम पटोरी, 0.90 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पटोरी ग्राम मंगेला, 0.55 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पटोरी ग्राम रैपुरा, 1.06 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सलैया प्यासी ग्राम सलैया प्यासी, 0.40 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सिमरापटी ग्राम कजरवारा, 0.40 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पहरूआ ग्राम गुडीयापुरा, 0.36 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पहरूआ ग्राम सुनाई, 0.51 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत मोहनिया ग्राम रामपुर, 3.06 करोड़ के बरतरा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन में 01 नग जी टाइप एवं 01 नग एच टाइप आवास गृहों का एवं विकासखंड रीठी में 0.80 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत धनौरा, 0.37 करोड़ के नवीन पंचायत भवन ग्राम पंचायत रैपुरा का लोकार्पण करेंगे। वहीं विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत 0.41 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत अमाड़ी ग्राम भदौरा, 0.46 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भगनवारा, ग्राम भगनवारा, 0.59 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भुड़सा ग्राम ठगुआ, 0.36 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत कछारी ग्राम झांपी, 0.52 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत पनसोखर, 0.43 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत सुड्डी का लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा विकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत 1.09 करोड़ के लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भूला, 0.47 करोड़ की लागत से बने जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत भूला ग्राम चपोहला, 0.54 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हरदी ग्राम डुंडी, 0.22 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत मढ़ाना ग्राम शिवराजपुर, 0.64 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत मंगेली ग्राम बिछिया, 0.55 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बांध ग्राम तिलमन, 0.37 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बरेली ग्राम रामपुर, 0.76 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत दादर सिहुड़ी, 0.27 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत देवरी मारवारी ग्राम खैरानी, 0.31 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हरदी ग्राम गाडा, 1.08 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हरदी, 0.88 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत बरहेटा ग्राम कुंसरी, 0.95 करोड़ के जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत घुघरा, 1.31 करोड़ के ढीमरखेड़ा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय भवन, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र परसेल, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र पहरूआ, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र कोठी, 0.65 करोड़ के उपस्वास्थ्य केंद्र धरवारा, 0.45 करोड़ के 5 होम स्टे खितौली, 0.37 करोड़ के ग्राम पंचायत दादर सिहुड़ी के नवीन पंचायत भवन का लोकार्पण करेंगे।

## इन विकास कार्यों का होगा भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विकासखंड विजयराघवगढ़ के अंतर्गत 3.48 करोड़ रुपए की लागत से 33/11 के खरखरी उपकेन्द्र व्ही, 14.46 करोड़ के शासकीय महाविद्यालय बरही में बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण कार्य, 1.34 करोड़ के खलवारा बाजार में शासकीय हाईस्कूल भवन का निर्माण कार्य, 0.59 करोड़ के जीएचएसएस बरेहटा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 0.59 करोड़ के भैंसवाही में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण का भूमिपूजन करेंगे। इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा के अंतर्गत 0.59 करोड़ के नदावन में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 0.59 करोड़ के सलैया सिहोरा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 2.60 करोड़ के 100 सीटर केजीबीव्ही टाईप 3 छात्रावास भवन का निर्माण कार्य, 5.64 करोड़ के शासकीय महाविद्यालय बड़वारा के प्रथम एवं द्वितीय तल में निर्माण कार्य, 0.59 करोड़ के जीएचएसएस भजिया में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण का लोकार्पण करेंगे। जबकि विकासखंड कटनी के अंतर्गत 2.01 करोड़ की लागत से बनने वाले ग्राम कलहरा में श्री चंद्रिका प्रसाद गर्ग के घर से लेकर पीईएच टंकी के पास मढ़ईयन टोला में मार्ग निर्माण, 1.91 करोड़ के ग्राम नन्हवाराकला से गौरहा तक मार्ग निर्माण, 2.52 करोड़ के सिजहरा से बम्हनगवां मार्ग, 1.89 करोड़ के इटौरा बगईचाटोला से घुड़हरमार्ग, 1.39 करोड़ के कुठला हाई स्कूल भवन का निर्माण, 1.25 करोड़ के शासकीय कन्या महाविद्यालय के द्वितीय तल में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण, 0.59 करोड़ के जीएचएसएस खलौड़ा में फिजिस्कस केमेस्ट्री बायो लैब का निर्माण, 0.59 करोड़ के जीएचएसएस वैंकटवार्ड में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 2.85 करोड़ के शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी पहुंच मार्ग, 0.6 करोड़ के वंशस्वरूप वार्ड स्थित दीनदयाल पार्क में हाल एवं कमरे का निर्माण, 0.37 करोड़ के सावरकर वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 0.6 करोड़ के बाबा नारायण शाह वार्ड में बाउन्ड्री वाल शेड निर्माण इत्यादि, 1.96 करोड़ के घिनौची से गनियारी मार्ग, 2.31 करोड़ भखरवारा से उदयपुरा मार्ग, 1.01 करोड़ के सलैया फाटक से सिलपुरा तक मार्ग और 0.59 करोड़ के जीएचएसएस कुलुवां बड़खेरा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण और विकाखंड बहोरीबंद के अंतर्गत 0.59 करोड़ के जीएचएसएस सिहुड़ी में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण का भूमि पूजन करेंगे।

वहीं विकासखंड रीठी के अंतर्गत 0.59 करोड़ की लागत से बनने वाले जीएचएसएस बड़गावं में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 0.59 करोड़ की लागत से बनने वाले जीएचएसएस निटर्रा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण, 0.59 करोड़ की लागत से बनने वाले जीएचएसएस पिपरिया में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण और विकासखंड बहोरीबंद में 0.59 करोड़ की लागत से बनने वाले जीएचएसएस सिहुडी में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब निर्माण का भूमि पूजन करेंगे। इसके अलावा विकासखंड ढीमरखेड़ा के अंतर्गत 2.29 करोड़ की लागत से बनने वाले मझगवां से कारोपानी, 2.60 करोड़ के 100 सीटर केजीबीव्ही टाईप 3 छात्रावास भवन का निर्माण कार्य, 1.34 करोड़ के शासकीय हाईस्कूल गोपालपुर भवन का निर्माण कार्य, 0.59 करोड़ की लागत से बनने वाले जीएचएसएस सिलौड़ी में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब का निर्माण और 0.59 करोड़ की लागत से बनने वाले जीएचएसएस ढीमरखेड़ा में फिजिक्स केमेस्ट्री बायो लैब का निर्माण का भूमि पूजन करेंगे।

## आइसक्रीम बेच रहे दलित युवक के साथ सरहंग ने जबरन आइसक्रीम लूट कर की मारपीट



**दैनिक रेवांचल टाइम्स हनुमना।** मऊगंज जिला अंतर्गत हनुमना थाना क्षेत्र में दिनांक 07/03/2026 को दोपहर करीब 2 बजें के बीच अति गरीब युवक विनोद साकेत पिता नचकाऊ उम्र 42 वर्ष निवासी तिलया थाना हनुमना जब गोइड़ार नाला के पास आइसक्रीम बेच रहा था तभी गांव का सरहंग जितेन्द्र गौतम जबरन आइसक्रीम लिया और जब युवक ने पैसे मांगने लगा तो जितेन्द्र गौतम ने जाति सूचक चमार,गमार कहकर गाली देने लगा और लिपटकर मारपीट की, मारपीट से युवक के बाये तरफ कान के पास और दाहिने तरफ कंधा के उपर दर्द और चोट है। आरोप ये भी है कि जब फरियादी पुलिस थाना हनुमना रिपोर्ट लिखवाने गया तो हनुमना पुलिस उस सरहंग के दबाव में फरियादी की रिपोर्ट नहीं लिखी, और न्याय के लिए दर दर भटकता रहा। जानकारी होने पर युवा समाजसेवी अविराज बौद्ध ने थाने पहुचकर शिकायत दर्ज करने की मांग की तब कही जाकर दिनांक 10 मार्च को थाना हनुमना में अपराध क्रमांक 0105/2026 धारा भारतीय न्याय संहिता 2023 296(8),115(2), अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृगसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) 3(1)(८), 3(1) (ध), 3(2) (५ं) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया लेकिन आज दिनांक तक सरहंग पर कोई कार्यवाही नही की गई।

## 20 मार्च को पन्ना आएंगे अजय सिंह राहुल भैया तैयारी को लेकर जिला कांग्रेस की बैठक संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक द्वारा निकाली जा रही बुंदेलखंड यात्रा 20 मार्च 2026 को पन्ना जिले से होकर गुजरेगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय पन्ना में आयोजित की गई। बैठक की शुरूआत महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने आगामी कार्यक्रम को लेकर अपने-अपने सुझाव और मार्गदर्शन दिए तथा यात्रा के सफल आयोजन के लिए रणनीति पर चर्चा की। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश खान, पूर्व प्रत्याशी भरत मिलन पांडे, पूर्व प्रत्याशी शिवजीत सिंह भैया राजा, पूर्व प्रत्याशी जीवानलाल सिद्धार्थ, राजेश तिवारी, मुरारी लाल थापक, राजबहादुर पटेल, रेहान मोहम्मद, वैभव थापक, डॉ. कदीर खान, सुरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, दीपक तिवारी, आस्था तिवारी, वेदांत मिश्रा, बृजेन्द्र दुबे, नृपेंद्र सिंह, अभिषेक चौरसिया, इरफान खान, रियासत खान, सुमंत पांडे, अवधेश प्रताप सिंह, यूनिश खान, मशूद अहमद, रशद खान, वी.एन. जोशी, अक्षय तिवारी, राकेश शर्मा, मुन्नीलाल वंशकार, अंकित रिछारिया, विमला सिंगरौल, हिमांशु ठाकुर, प्रकाश साहू, अमित रैकवार, शिव प्रताप सिंह, मोहम्मद निशार शेख, नरेंद्र कुमार, फैज मोहम्मद, फैयाज मोहम्मद सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सभी कार्यकताओं से अपील की गई कि 20 मार्च को होने वाली बुंदेलखंड यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।



## सुनवानी कला में शासकीय शराब दुकान के स्थान परिवर्तन की मांग

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, पन्ना।** पन्ना जिले के सुनवानी कलां के ग्रामवासियों ने थाना प्रभारी सुनवानी कलां को आवेदन देकर शासकीय शराब दुकान के स्थान परिवर्तन की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि दुकान बस स्टैंड के पास स्थित है और इसके करीब शासकीय माध्यमिक विद्यालय तथा सरस्वती शिशु मंदिर लगभग 100 मीटर की दूरी पर हैं। इससे छात्रों, महिलाओं और आसपास रहने वाले परिवारों को असुविधा और सामाजिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से दुकान को आबादी और शैक्षणिक संस्थानों से दूर अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

## बाल श्रम के विरूद्ध जनजागरण अभियान के तहत निकाली गई रैली

**कटनी ।** जिले में बाल श्रम के विरूद्ध जनजागरण अभियान के तहत कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र बरगवां में रैली निकाली गई। साथ ही पंपलेट, ब्रोसर एवं स्पीकर के माध्यम से सभी संस्थानों एवं नागरिकों को बाल श्रम न कराने हेतु प्रचार-प्रसार किया गया। रैली में श्रम पदाधिकारी के.बी. मिश्रा द्वारा बाल श्रम अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। अधिनियम के प्रावधानों अनुसार किसी भी संस्थान में बाल श्रम नियोजित किये जाने की स्थिति में नियोजक को 6 माह से 2 वर्ष तक का कारावास एवं रुपए 20 हजार से 50 हजार तक का जुमार्ना या दोनों से दंडित किया जा सकता है। किसी भी संस्थान एवं उद्योग में 14 वर्ष या उससे कम की आयु के बालकों का नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही 14 वर्ष से 18 वर्ष के कुमार श्रमिकों का नियोजन खतरनाक श्रेणी के उद्योगों में पूर्णः प्रतिबंधित है। रैली में श्रम पदाधिकारी श्री के. बी. मिश्रा, श्रम निरीक्षक श्री रमाकांत लोधी, श्री लक्ष्मीकांत पटेल, श्री मनोज कुमार यादव, विशेष पुलिस ईकाई की ओर से श्री देवकी नंदन परौहा, जन साहस संस्था से श्री मुकेश द्विवेदी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## शा.शिवाजी उच्च.मा.विद्यालय सूती में मोबाइल से नकल और रील का वीडियो वायरल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स त्योंथर ।** जिले के त्योंथर तहसील अंतर्गत शासकीय शिवाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूती में जारी कक्षा 6वी, 7वीं, 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाए संचालित है लेकिन परीक्षा के सुरक्षा और अनुशासन की धज्जियां उड़ानें का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें छात्राएं परीक्षा हॉल के भीतर न केवल मोबाइल का उपयोग कर रही हैं, बल्कि भोजपुरी गानों पर रील (फ़ीह्न२) बनाती भी नजर आ रही हैं। वायरल वीडियो ने परीक्षा केंद्र की सुचिता एवं पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों के मुताबिक परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंधित है, लेकिन वीडियो में छात्राएं बेखौफ होकर मोबाइल चला रही हैं। आशंका जताई जा रही है कि मोबाइल के जरिए नकल भी की गई है। सवाल यह है कि ड्यूटी पर तैनात पर्यवेक्षकों की नजर इन छात्राओं पर क्यों नहीं पड़ी? इस पूरे मामले में स्कूल के प्राचार्य की कार्यप्रणाली पर सवाल लगना लाजमी है। जब इस पूरी लापरवाही के संबंध में विद्यालय के प्राचार्य से जवाब मांगा गया, तो उन्होंने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए बेहद गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया। प्राचार्य का कहना था कि, "निगरानी न होने के कारण शायद बच्चियां मोबाइल लेकर आई रही होंगी।" प्राचार्य के इस कबूलनामे ने विद्यालय के भ्रष्ट तंत्र की पोल खोल दी है। सवाल यही उठ रहा है कि क्या विद्यालय में परीक्षाओं के दौरान सघन चेकिंग की कोई व्यवस्था नहीं थी? क्या प्राचार्य का यह कहना कि 'निगरानी नहीं थी' उनकी अपनी कार्यप्रणाली की विफलता नहीं है, परीक्षा जैसे संवेदनशील समय में आखिर निगरानी क्यों नहीं रखी गई? इस घटना और प्राचार्य के लचर रवैये को लेकर स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों में भारी रोष है। जिसे लेकर सामाजिक लोगो द्वारव जिला शिक्षा अधिकारी रीवा से मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी प्राचार्य व लापरवाह शिक्षकों के विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में शिक्षा की गरिमा के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो सके।

## रीवा में केरला स्टोरी-2 का स्पेशल शो आयोजित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** रीवा सिंधु समाज ने रीवा शहर के समदरिया मल्टीप्लेक्स नया बस स्टैंड में केरला स्टोरी-2 का दो स्पेशल शो का आयोजन किया गया, दोनों शो पूर्णतया सफल हाउसफुल रहे। वर्तमान में देश में हिन्दू समाज की बहन बेटियों के साथ एक धर्म विशेष द्वारा पहचान छिपा कर अवैध धर्मान्तरण कर उनके साथ निकाह कर बच्चे पैदा कर उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। फिल्म के निमार्ता निर्देशक ने बताया कि सिनेमा समाज का आइना है समाज में जो घटित होता है उसे ही सिनेमा में दिखाया जाता बेटियों की सुरक्षा और जागरूकता के लिए इस विशेष शो का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगवान झूलेलाल की प्रतिमा पर, दीप प्रज्वलन संत समाज के स्वामी स्वरूप दास जी और ब्राम्हण समाज से कोमल शर्मा द्वारा करके भगवान झूलेलाल जी की आरती की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी रीवा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, भारत रक्षा मंच की प्रमुख श्रीमती सरोज सोनी, स्मृति केसरवानी भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता राजेश सिंह, नरेंद्र शर्मा सिन्धी सेंट्रल पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दादा संतुलाल आहूजा, घनश्याम दास काकवानी, कन्हैया लाल मंगलानी, कमलेश सचदेव, कैलाश कोटवानी, राजकुमार टिलवानी, गुलाब साहनी, नरेश छुगानी, हरीश पंजवानी, चंद्र कुमार जेठवानी, अशोक टेकवानी, शोभराज जी, कैलाश बजाज, राजेश सोनेता रेवाचंद आहूजा, विजय थावानी, विजय रिजवानी, दक्ष चूंग वानी और अंकुर बहैत्रा द्वारा श्री हनुमान चालीसा आए हुए सभी दर्शकों को भेंट की महिला टीम से कविता कोटवानी,सोनिया कोटवानी, दिनिका कुलचंदानी महिमा शेरवानी, सिमर वाधवानी का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल
CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

## सरकारी दावा झूठा! खाद के बाद सिलेंडरो के लिए लाइन में लगे लोग - रमेश पटेल



**दैनिक रेवांचल टाइम्स रीवा।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पटेल ने कहा है कि सरकार और प्रशासन द्वारा गैस सिलेंडरों की उपलब्धता के बारे में जो जानकारी दी जा रही है वह झूठी साबित हो रही है। सरकार कह रही है कि पर्याप्त मात्रा मे गैस सिलेंडर हैं यदि सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में हैं तो उपभोक्ताओं को घर-घर गैस सिलेंडर क्यों नहीं दिया जा रहा है। जिन उपभोक्ताओं ने 15 से 20 दिन पहले सिलेंडर बुक किया था उनको क्यों घर जाकर नही दिये जा रहें हैं। कुछ लोगों के मैसेज आने के बाद कैसिल कर दिया जा रहा है। ऐसा क्यों किया जा रहा है। कुछ लोंगो ने बुक किया,लेकिन मैसेज ही नहीं आ रहा है। यदि पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर डीलरों के पास उपलब्ध हैं तो फिर घर-घर जाकरा क्यों नहीं दिया जा रहा है एजेंसियों के गोदामों मे हजारों लोगों को क्यों लाइन लगवाया जा रहा है। सरकार द्वारा गैस के दाम भी बढ़ा दिये गये क्यों? कुछ जगहों पर तो 900 की जगह 1800 रुपएं मे भी ब्लैक में सिलेंडर दिये जा रहे है ऐसा क्यों? यदि सरकार जो कह रही है तो फिर उपभोक्ताओं को आसानी से सिलेंडर क्यों नही उपलब्ध हो रहे हैं। श्री पटेल ने कहा है कि ये भाजपा की सरकार गरीबों,आमजनों,छात्रो, किसानो की विरोधी सरकार है इस सरकार को किसी की परवाह नही है सिर्फ ये पूंजीपतियो और बडे-बड़े ब्यापारियों की सरकार है और इन्ही को फायदा पहुंचाना चाहती है आम नागरिको की समस्याओं से इस सरकार का कोई लेना-देना नही है। सरकार ने पहले किसानों को खाद के लिए लाइन मे लगाने बावजूद भी किसानों को खाद नहीं दे पाई और अब गैस सिलेंडर के लिए लोगो को लाइन मे लगाकर सिलेंडर नहीं दे पा रही है। इससे यह सिद्व कर दिया है कि इस सरकार को आमजन, किसान, मजदूर, छात्र, छोटे-छोटे ब्यापारी किसी की परवाह नही है।

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

# छात्रों एवं अभिभावकों की सुविधा हेतु 25 मार्च से 05 अप्रैल तक आयोजित होगा पुस्तक मेला

## तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले पुस्तक मेले का आयोजन इस वर्ष भी 25 मार्च से 05 अप्रैल तक गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक परिसर में किया जायेगा। पुस्तक मेले के माध्यम से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं आम नागरिकों को पाठ्यपुस्तकें, गणवेश, स्टेशनरी तथा अन्य शैक्षणिक सामग्री एक ही स्थान पर प्रतिस्पर्धात्मक एवं उचित मूल्य पर आसानी से उपलब्ध कराई जायेंगी। पुस्तक मेले के सफल आयोजन एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने आज शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। मेला प्रभारी अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गेहलोत की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में मेले की तैयारियों, व्यवस्थाओं तथा विभिन्न विभागों को सौंपी गई जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के सीईओ गेहलोत ने कहा कि यह पुस्तक मेला विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में जिले के सभी विद्यालयों से संबंधित पाठ्यपुस्तकों, गणवेश तथा स्टेशनरी सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि अभिभावकों को विभिन्न स्थानों पर भटकना न पड़े और उन्हें आवश्यक सामग्री एक ही स्थान पर आसानी से प्राप्त हो सके। गहलोत ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मेला परिसर में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खान-पान की उचित व्यवस्था भी की जाए। विशेष पहल के रूप में इस वर्ष भी मेले में पुरानी पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। अभिभावक एवं विद्यार्थी नाममात्र के शुल्क पर रेडक्रॉस सोसायटी को भुगतान कर पुरानी पुस्तकें प्राप्त कर सकेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य जरूरतमंद विद्यार्थियों को कम लागत में पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराना है। जो भी विद्यालय अथवा अभिभावक अपनी पुरानी पाठ्यपुस्तकों का दान करना चाहते हैं, वे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, ताकि इन पुस्तकों को संकलित कर मेले के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाया जा सके। जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि पुस्तक मेले को अधिक आकर्षक और जनसहभागिता से परिपूर्ण बनाने के लिए प्रतिदिन शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों एवं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। इससे मेले का वातावरण सांस्कृतिक रूप से समृद्ध और मनोरंजक बनेगा। गहलोत ने पुस्तक मेले में आने वाले नागरिकों, विद्यार्थियों एवं दुकानदारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस एवं होमगार्ड बल की समुचित तैनाती तथा मेला परिसर में यातायात व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन के लिए भी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में सहायक मेला प्रभारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, जिला कोषालय अधिकारी श्रीमती विनायिका लकरा, नोडल अधिकारी जबलपुर पुरातत्व संस्कृति एवं पर्यटन परिषद राजीव मिश्रा, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी सौरभ सिंह, प्रभारी संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित, प्रभारी अपर आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, केंद्रीय विद्यालय के उपायुक्त दिग्गराज मीणा, जिला परियोजना समन्वयक योगेश शर्मा, प्राचार्य डाइट अजय दुबे, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, ई-गवर्नेंस समिति के जिला प्रबंधक चित्रांशु त्रिपाठी, खाद्य अधिकारी देवेंद्र दुबे, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमपी ट्रांसको ने बिसनूर सबस्टेशन में लगाया 50 एमवीए का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने बैतूल जिले की बिजली व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए 132 केवी सबस्टेशन बिसनूर (मुलताई) में 50 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर उसे ऊर्जीकृत कर दिया है। इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से बैतूल जिले की पारेषण प्रणाली की विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। साथ ही मुलताई क्षेत्र के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता की बिजली उचित वोल्टेज पर उपलब्ध हो सकेगी। सबस्टेशन में दूसरा ट्रांसफार्मर लगने से विद्युत प्रणाली को अतिरिक्त लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) भी प्राप्त हुआ है, जिससे किसी तकनीकी स्थिति में बिजली आपूर्ति को सुचारु रूप से बनाए रखना आसान होगा।

# कैंसर उपचार के वैज्ञानिक पक्ष के साथ रोगियों की आस्था और संघर्ष पर केंद्रित पुस्तक बिटवीन साइंस एंड सोल का मेडिकल कॉलेज के डीन ने किया विमोचन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** राज्य कैंसर संस्थान में शुक्रवार को आयोजित गरिमामय समारोह में नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ नवनीत सक्सेना ने वरिष्ठ रेजिडेंट डॉ वेदांत कुमार मोदी द्वारा लिखित पुस्तक बिटवीन साइंस एंड सोल : एन ओंकोलॉजिस्ट्स रिफ्लेक्शन्स ऑन फेथ , फियर एंड द फाइट अगेंस्ट कैंसर का विमोचन किया। इस अवसर पर राज्य कैंसर संस्थान की अधीक्षक प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी सिंघोतिया, संस्थान के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग के संकाय सदस्य प्रोफेसर डॉ श्यामजी रावत, एसोसिएट प्रोफेसर डॉ ललित पटेल, असिटेंट प्रोफेसर डॉ सनंदन पटेल एवं डॉ पूनम मिश्रा मौजूद थे। पुस्तक कैंसर उपचार के वैज्ञानिक पक्ष के साथ-साथ रोगियों की आस्था, भय और संघर्ष के मानवीय पहलुओं पर आधारित चिंतन प्रस्तुत करती है। डॉ. वेदांत कुमार मोदी ने अपने चिकित्सकीय अनुभवों के आधार पर विज्ञान और मानवीय संवेदनाओं के बीच के संबंध को इस पुस्तक में अभिव्यक्त किया है। समारोह में उपस्थित सभी चिकित्सकों एवं संकाय सदस्यों ने लेखक को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक चिकित्सा समुदाय तथा आम पाठकों के लिए प्रेरणादायक सिद्ध होगी।

# तीन दिवसीय कृषि मेला एवं अन्न फूड फेस्टिवल का गरिमामय समापन

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने उन्नत किसानों को किया सम्मानित



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** कृषि वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा पुलिस लाइन स्थित हॉकी ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला एवं अन्न फूड फेस्टिवल का आज शुक्रवार को भव्य एवं गरिमामय समारोह में समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह थे। इस अवसर पर उन्होंने जिले के उन प्रगतिशील किसानों को पुरस्कृत किया, जो वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर समाज के लिए प्रेरणा बन रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के किसानों को समृद्ध व संपन्न बनाने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कृषि क्षेत्र में कई नवाचार किये जा रहे है, ताकि किसानों को उनके उत्पादों का सही मूल्य मिल सके। उन्होंने कहा कि कृषि की आधुनिक तकनीकों, प्राकृतिक खेती और मिलेट्स को अपनाकर ही किसान अपनी आय दोगुनी कर सकते हैं। समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोटिया, जिला पंचायत की कृषि स्थाई समिति के सदस्य राजेश पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल के दौरान आयोजित जैविक उत्पाद एवं मिलेट्स व्यंजन प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर विजेताओं को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को ये पुरस्कार लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने प्रदान किये। प्रतियोगिता में 51 सौ रुपये का प्रथम पुरस्कार आजीविका मिशन को, द्वितीय पुरस्कार में 31 सौ रुपये पातालकोट की रसोई को, तृतीय पुरस्कार के रूप में 21 सौ रुपये मिलेट्स फूड को तथा 11 सौ रुपये का चतुर्थ पुरस्कार के मिलेट मैनिया को प्राप्त हुआ। इसके साथ ही मेले में शामिल हुए सभी स्टॉल संचालकों को सहभागिता पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। मेले के विशेष आकर्षण के रूप में जिले के सफल किसानों की कहानियों का प्रदर्शन किया गया, जिससे अन्य किसानों को नई दिशा मिल सके। मेला एवं फूड फेस्टिवल के समापन समारोह में छिंदवाड़ा जिले के उप संचालक कृषि जितेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे। मेला के समापन पर उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने सभी किसानों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल के आयोजन को सफल बनाने में सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी, अनुविभागीय कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी, श्रीमति प्रतिभा गौर, श्रीमति कीर्ति वर्मा, श्रीमति मनीषा पटेल, श्रीमति अराधना सिंह एवं श्रीमति रश्मि मोदी के सक्रिय सहयोग की सराहना भी की। इसके पहले कृषि मेला एवं श्रीअन्न फूड फेस्टिवल के समापन सत्र की शुरूआत तकनीकी सत्र से हुई। तकनीकी सत्र में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं का समाधान किया। डॉ एस बी अग्रवाल ने दलहनी फसलों की उन्नत तकनीक बताई। डॉ एम एल केवट ने तिलहन फसलों के उत्पादन पर प्रकाश डाला। सुरेश पहाड़े ने लघुधान्य (मिलेट्स) फसलों की मार्केटिंग स्ट्रेटजी साझा की। डॉ ए के सिंह ने इंटीग्रेटेड न्यूट्रिएंट मैनेजमेंट के माध्यम से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय बताए। ताराचंद बेलजी द्वारा प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई।

## कौशल विकास पाठ्यक्रम के व्यक्तित्व विकास की परीक्षा कल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कौशल विकास संस्थान के द्वारा सी.बी.सी.एस.प्रणाली के तहत संचालित विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागो में कौशल विकास पाठ्यक्रम "व्यक्तित्व विकास" विषय की प्रथम सेमेस्टर सत्र 2025-26 की सत्रांत परीक्षा दिनांक 14.03.2026 को विक्रम साराभाई परीक्षा भवन सहित अन्य विभागों को परीक्षा केंद्रों में आयोजित की गई है।निदेशक प्रो सुरेंद्र सिंह ने बताया कि व्यक्तिव विकास विषय की इस परीक्षा में समस्त शिक्षण विभागो के कुल 800 से अधिक छात्र छात्राएं सम्मिलित होगे।इस परीक्षा का आयोजन कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित किया जाता है।पूर्व दिवसों में तृतीय सेमेस्टर कंप्यूटर एप्लिकेशन विषय के कई विभागों की आयोजित किया गया है शेष कुछ विभागों की परीक्षा 18मार्च को आयोजित किया है जिसका परीक्षा केंद्र विज्ञान भवन है।

# रेलवे की नेहरू कॉलोनी में गंदे पानी की सप्लाई से लोग परेशान, पीने-नहाने लायक भी नहीं पानी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** भंडारी अस्पताल रोड स्थित रेलवे की नेहरू कॉलोनी में इन दिनों रेलकर्मियों और उनके परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कॉलोनी में सप्लाई किया जा रहा पानी इतना गंदा है कि वह न तो पीने योग्य है और न ही नहाने के काम का। इससे कॉलोनी में रहने वाले लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। कॉलोनी के रहवासियों के अनुसार यहां पानी की सप्लाई कॉलोनी परिसर के अंदर स्थित एक पुराने कुएं से की जाती है। बताया जा रहा है कि इस कुएं की लंबे समय से साफ-सफाई नहीं हुई है, जिसके कारण पानी अत्यधिक गंदा और बदबूदार हो गया है। इसी पानी को पंप के जरिए टंकी में भरकर पाइपलाइन के माध्यम से कॉलोनी के घरों तक पहुंचाया जा रहा है। रहवासियों का कहना है कि मजबूरी में वे इस पानी को किसी तरह छानकर केवल शौचालय या अन्य घरेलू उपयोग में ले रहे हैं, लेकिन पीने के लिए उन्हें बाहर से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। कई परिवारों को रोजाना पानी के केन मंगवाकर काम चलाना पड़ रहा है, जिससे अतिरिक्त खर्च भी बढ़ गया है। कॉलोनीवासियों ने रेलवे प्रशासन से जल्द से जल्द कुएं की सफाई कराने और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

# मिडिल ईस्ट युद्ध का असर: कुकिंग गैस संकट से होटल रेस्टोरेंट और ठेले वालों का कारोबार ठप होने की कगार पर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मिडिल ईस्ट में अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच पिछले करीब दस दिनों से चल रहे भीषण युद्ध का असर अब भारत के घरेलू बाजार तक दिखाई देने लगा है। कुकिंग गैस की आपूर्ति प्रभावित होने से शहर में गैस की किल्लत शुरू हो गई है, जिसका सीधा असर होटल, रेस्टोरेंट और छोटे खाद्य व्यवसायों पर पड़ रहा है। हालात ऐसे बनते जा रहे हैं कि कई स्थानों पर होटल व्यवसाय बंद होने की नौबत तक आ गई है। जानकारी के अनुसार कमर्शियल गैस सिलेंडरों की अचानक सप्लाई रुकने से होटल व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है। होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों से लेकर सड़क किनारे लगने वाले चाय-नाश्ते के ठेले तक इस संकट से प्रभावित हो रहे हैं। समोसा, आलू बोंडा, भजिया, मंगोड़ा, चाट-फुलकी, इडली-डोसा जैसे नाश्ते और भोजन का व्यवसाय करने वाले दुकानदार गैस नहीं मिलने के कारण परेशानी झेल रहे हैं। व्यवसायियों का कहना है कि बिना गैस के भोजन या नाश्ता तैयार करना लगभग असंभव है। कई छोटे होटल और नाश्ते की दुकानें रोजाना दो-दो कमर्शियल सिलेंडर खर्च करती हैं, लेकिन वर्तमान में सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में कई व्यवसायी अपनी दुकानों को अस्थायी रूप से बंद करने पर विचार कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार गैस रिफिल प्लांट से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की सप्लाई रोक दिए जाने के बाद होटल कारोबार से जुड़े लोग गंभीर संकट में आ गए हैं। कुछ व्यवसायी ग्राहकों को सेवा देने के लिए मजबूरी में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग कर रहे हैं। शहर के चौपाटी क्षेत्रों में चाट-फुलकी, चाय-कॉफी, पोहा-जलेबी और अन्य खाद्य पदार्थों के ठेले चलाने वाले छोटे व्यापारी भी अब घरेलू सिलेंडरों के सहारे अपना काम चला रहे हैं। जबलपुर जिले में कुल 55 गैस एजेंसियां संचालित हैं, जिनके माध्यम से लगभग 7 लाख 14 हजार 374 घरेलू उपभोक्ताओं और करीब 4 हजार 291 कमर्शियल उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाती है। हालांकि वर्तमान परिस्थितियों में कमर्शियल गैस की सप्लाई प्रभावित होने से पूरे खाद्य व्यवसाय पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। होटल व्यवसायियों का कहना है कि तेल कंपनियों ने पहले लगातार 70 दिनों तक गैस आपूर्ति जारी रहने का भरोसा दिया था, लेकिन अचानक सप्लाई रुकने से व्यापार पर बड़ा झटका लगा है।

# मंत्री सिंह ने आज लगभग 24 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

## विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी-मंत्री सिंह




**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने आज पश्चिम विधानसभा के आठ वार्डों में लगभग 24 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। इन निर्माण कार्यों में सड़क, नाली, रंगमंच, तालाब सौंदर्यीकरण, टीन शेड, पेवर ब्लॉक, पानी की टंकी आदि शामिल हैं। मंत्री सिंह ने प्रत्येक वार्ड में सभा कर कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास की गंगा तेजी से बह रही है और इसी क्रम में जबलपुर मे भी लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। उन्होने कहा कि अभी दो सालो में जबलपुर में 3500 करोड़ रुपए के कार्यों को स्वीकृत किया गया है। पश्चिम विधानसभा में भी तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने चुनाव में जिस भावना से खुल कर आशीर्वाद दिया और उसी अनुरूप विकास के कार्य हो रहे हैं। चुनाव के दौरान जिन विकास कार्यो का आश्वासन दिया गया था, उन्हें तो पूरा कर ही रहे हैं, साथ ही जनता के लिये अन्य आवश्यक विकास कार्यों को मूर्त रूप में ला रहे हैं। मंत्री सिंह ने जबलपुर के विकास गाथा की जानकारी देते हुये कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा फ्लाई ओव्हर बनकर तैयार है और अन्य फ्लाई ओव्हर भी बनेंगे। नर्मदा के घाट को भव्यतम व सुविधाजनक रूप से विकसित किया जायेगा, जो देश में सबसे सुंदरतम घाटों में गिना जायेगा, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आयेंगे। उन्होंने कहा कि जबलपुर के विकास को नई उचाईयां देने के लिए रोप-वे की कार्ययोजना है, जो शीघ्र ही पूरा होगा। इसके साथ ही उन्होंने शहर में किये गये कई विकास कार्यों की जानकारी दी। मंत्री सिंह ने कहा कि वे हमेशा जबलपुर के विकास के लिए समर्पित हैं, मंत्री होने के नाते पूरे प्रदेश में विकास कार्यों के लिए जाना पड़ता है, लेकिन सबसे ज्यादा नजर पश्चिम विधानसभा में होती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम विधानसभा में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रहेगी। जहां-जहां जनता को विकास की आवश्यकता होगी उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। ठाकुरताल में 300 करोड़ की लागत से आकर्षक जू बनाया जायेगा, जो पर्यटन, रोजगार व अध्यात्म का आकर्षक केन्द्र होगा। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जनता की कठिनाईयों को दूर करने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे जनता के प्रति जवाबदेह बने और उनकी समस्याओं का निराकरण करें। कार्यक्रम के दौरान महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, अभय सिंह ठाकुर, पंकज दुबे, पार्षद राहुल साहू, जीतू कटारे, पूजा श्रीराम पटेल, प्रिया संजय तिवारी, दिलीप पटेल, मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, शैलेन्द्र विश्वकर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व जन सामान्य मौजूद थे।

म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनाव वर्ष 2026 में सदस्य पद हेतु आपकी
प्रथम वरीयता मत का आकांक्षी
गोपाल सिंह बघेल (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
पता - हॉल नं 3 सीट नं 7 विधि भवन, म.प्र. उच्चन्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-निवास
कृष्णा कॉलोनी के पास राज परिसर सुहागी, जबलपुर (म.प्र.)
Mob.: 9229653295, 8989141208, 7987512717

V-eServices
CSC Service Provider
Vineet Sen 7724012477
Online Form: MP POLICE, MPPSC, UPSC, SSC, RAILWAY, BANK, COLLEGE, RTE SCHOOL, INDIAN ARMY, INDIAN NAVY, NDA, NEET
Document: जीएसटी, पासपोर्ट, ITR Returns, पैन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी, श्रमिक कार्ड, ड्राईविंग लाईसेंस, रोजगार पंजियन, उद्योग आधार, स्कॉलरशिप फार्म
E-CARD: WEDDING INVITATION, VIDEO, BANNER DESIGN, VISITING CARD, BIRTH DAY INVITATION, INAUGRATION, OTHER E-CARD
Quick Job Apply
सरकारी एवं प्रायवेट जॉब के नोटिफिकेशन पाने के लिए व्हाटसएप चैनल Quick Job Apply से जुड़ें। जहां आपको प्रतिदिन जॉब के नोटिफिकेशन प्राप्त होंगे।
जॉब नोटिफिकेशन और फार्म अप्लाई करने का सबसे विश्वसनीय प्लेटफार्म
व्हाट्सएप के माध्यम से घर बैठे ही फार्म भरवायें और समय बचायें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN/2023/90965 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592